

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान के लोंगेवाला में सैनिकों के साथ बातचीत करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 19 अंक: 294 पृष्ठ: 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# पीएम ने 51 हजार जॉब लेटर बांटें: कहा- यह सरकारी नौकरी नहीं, राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान देने का मौका मिला है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए एक बड़ी पहल प्रतिभा सेतु पोर्टल की घोषणा की। पोर्टल यूपीएससी की अंतिम सूची में पहुँचे चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके प्रयास व्यर्थ नहीं जाएँगे। निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थान अब इस पोर्टल के माध्यम से इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों से जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी संस्थानों में 51 हजार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की नियुक्तियाँ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के अवसर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नियुक्त व्यक्ति निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे और भविष्य के भारत के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। रोजगार मेले युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन गए हैं। हाल के दिनों में



इन मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास केवल सरकारी नौकरियों

> प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी संस्थानों में 51 हजार को नियुक्ति पत्र वितरित किए

तक सीमित नहीं हैं। सरकार ने 3.5 करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया मिशन जैसी पहल युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय करियर सेवा जैसे मंच उन्हें नए अवसरों से जोड़ रहे हैं। 7 करोड़ से अधिक रिक्तियों की जानकारी युवाओं के साथ साझा की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत वर्तमान में दुनिया का सबसे युवा देश है और भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए अवसर तैयार करने में विदेश नीति से जुड़े प्रयासों की भी जानकारी दी। भारत के राजनयिक जुड़ाव और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार सृजन के प्रावधान तेजी से शामिल हो रहे हैं।

# राजद-कांग्रेस ने बिहार के भविष्य को अधर में लटकाया: मोदी

> तथाकथित 'जंगल राज' के नेताओं ने जहां अपने परिवारों को प्राथमिकता दी और बिहार के युवाओं की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग ने राज्य में समृद्धि लाई: प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के बेगूसराय में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और लोगों से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने इस मौके पर महागठबंधन को आड़े हाथों भी लिया।

प्रधानमंत्री ने अपनी दूसरी जनसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह महागठबंधन नहीं लठबंधन है। उन्होंने कहा कि तथाकथित 'जंगल राज' के नेताओं ने जहां अपने परिवारों को प्राथमिकता दी और बिहार के युवाओं की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग ने राज्य में समृद्धि लाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "आप सभी को याद रखना चाहिए कि निवेशक राजद-कांग्रेस का नाम सुनते ही भाग जाते हैं। जो लोग नौकरी के नाम पर गरीबों से जमीन हड़पते हैं, वे आपको कभी रोजगार नहीं देंगे। राजद के चुनाव चिन्ह पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लालटेन की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब उनके मोबाइल फोन में टॉर्च है। उन्होंने राज्य से युवाओं के पलायन के लिए राजद और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि राजद ने पिछले दो दशकों में कोई चुनाव नहीं जीता है, लेकिन वह अपने अहंकार में डूबी हुई है। इसी अहंकार के कारण उसने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को गठबंधन से बाहर कर दिया। झामुमो ने राजद और कांग्रेस की राजनीतिक साजिश को गठबंधन से बाहर होने का कारण बताया और संकेत दिया कि अब वह झारखंड में इन दोनों दलों के साथ अपने गठबंधन पर पुनर्विचार करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस 35 साल से बिहार में राजद के रहमो-करम पर है। जब स्वार्थ हावी होता है और लूट ही लक्ष्य होता है, तो राजद और कांग्रेस ठीक यही कर रहे होते हैं। वे पहले टिकट बेचते हैं, फिर घोटाले करते हैं। प्रधानमंत्री ने मंच पर खड़े राजग उम्मीदवार कुंदन सिंह, मटिहानी से राजकुमार सिंह, साहेबपुर कमाल से सुरेंद्र विवेक, चेरिया बरियारपुर से अभिषेक आनंद, बखरी से संजय पासवान, तेघरा से रजनीश कुमार और बछवारा से सुरेंद्र मेहता को भारी मतों से जीताने की लोगों से अपील की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने समस्तीपुर में अपने चुनाव अभियान की शुरूआत भारत रत्न कपूर्री ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करके की, जो 1970 के दशक में बिहार के मुख्यमंत्री थे और जिन्हें इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**पीएम ने बताया- सबसे ज्यादा भ्रष्ट परिवार कौन है**

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से मुक्त करवाया। नौजवानों से मैं कहना चाहता हूं कि अक्टूबर 2005 में आपके माता-पिता ने आपके भविष्य के लिए बिहार को जंगलराज से मुक्त करवाया था। एनडीए सरकार को चुना था। आपको अपने वोट की ताकत समझनी है। आपके एक वोट से ही बिहार का भविष्य तय होगा। उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह परिवार बिहार का सबसे ज्यादा भ्रष्ट परिवार है। इसके ज्यादातर सदस्य जमानत पर बाहर निकले हैं।



## सरकार बनी तो 20 महीने में रैयाम चीनी मिल चालू कर दिखाऊंगा: तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया**

दरभंगा: विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को केवटी विधानसभा क्षेत्र स्थित रैयाम चीनी मिल परिसर में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि लालू यादव और राहुल गांधी पर भरोसा रखिए, गांव-गांव और टोला-टोला जाकर महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगिए, ताकि बिहार में महागठबंधन की सरकार बन सके। तेजस्वी यादव ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि हमारी सरकार बनी तो 20 महीने में रैयाम चीनी मिल को चालू करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के बेरोजगारों के लिए कुछ नहीं किया। अगर उस दौरान राज्य में चीनी मिलें, पेपर मिलें और अन्य उद्योग लगाए गए होते, तो आज युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ता।

## 'अबकी बार मोदी सरकार' को आवाज देने वाले पीयूष पांडे का निधन

**मुंबई।** विज्ञापन जगत से एक बेहद दुःखद खबर सामने आई है। देश के प्रतिष्ठित और क्रिएटिव विज्ञापनों की पहचान बन चुके मशहूर आवाजकर्ता और विज्ञापन दिग्गज पीयूष पांडे का 23 अक्टूबर को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारत के विज्ञापन इतिहास में उनका नाम उस सितारे की तरह दर्ज है, जिसकी चमक ने आम आदमी की भाषा और भावना को विज्ञापनों की दुनिया से जोड़ दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीयूष पांडे सिर्फ आवाज नहीं थे, वे भावनाओं के कथाकार थे 1955 में जयपुर में जन्मे पीयूष पांडे साधारण परिवार से ताल्लुक रखते थे।

## फरीदाबाद में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद।** दिल्ली के गुरुद्वारा मोतीबाग साहिब से तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक निकली 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' शुक्रवार को फरीदाबाद पहुंची। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख वेशभूषा में यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गुरुचरण यात्रा का स्वागत करने का मुझे



सौभाग्य मिला, ये मेरे लिए गौरव का क्षण है। हरियाणा की धरती एक गौरवशाली क्षण का साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की कुबार्नी और वीरता पर सभी भारतवासियों को गर्व है। उन्होंने क्रूर मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़ा, चार साहिबजादों सहित पूरा परिवार बलिदान कर दिया। विश्व में ऐसी मिसाल कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि दिल्ली से प्रारंभ ये महान यात्रा बिहार में गुरु जी के जन्म स्थान पटना साहिब तक जाएगी।

# संयुक्त राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने उठाए सवाल

**रेखांकित**

> विदेश मंत्री ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्मारक डाक टिकट जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। भारतीय डाक विभाग ने इस स्मारक टिकट के डिजाइन के लिए एक खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया था। विदेश मंत्री ने मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में वैश्विक दक्षिण की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले सुधारित



बहुपक्षवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के आदर्शों और व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं है। इसकी निर्णय प्रक्रिया न तो इसके सदस्यों को प्रतिबिंबित करती है और न ही वैश्विक प्राथमिकताओं को संबोधित करती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्थक सुधार में प्रक्रिया के माध्यम से ही बाधा उत्पन्न होती है। अब वित्तीय बाधाएं एक अतिरिक्त चिंता का विषय बनकर उभरी हैं। संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में खामियों का उदाहरण देते हुए जयशंकर ने आतंकवाद के प्रति प्रतिक्रिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा परिषद का एक वर्तमान सदस्य उसी संगठन का खुलेआम बचाव करता है जो पहलगाम जैसे बर्बर आतंकवादी हमले की ज़िम्मेदारी लेता है, तो इससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता पर क्या असर पड़ता है उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा केवल दिखावटी बातें बनकर रह गई हैं, विकास और सामाजिक-आर्थिक प्रगति की दुर्दशा और भी गंभीर है। सतत विकास लक्ष्य एजेंडा 2030 की धीमी गति वैश्विक दक्षिण के संकट को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है।

## छठ पूजा कर लौटने वाले यात्रियों के लिए 6181 स्पेशल ट्रेनें चलायेगा रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक वापसी यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 28 अक्टूबर से नवंबर माह के दौरान यात्रियों की वापसी यात्रा को सुगम बनाने के लिए 6181 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिससे लोग अपने कार्यस्थलों पर समय पर लौट सकें। रेलवे के अनुसार बढ़ती मांग को देखते हुए नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं। प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया को मौसमरोधी बनाया गया है ताकि यात्रियों को ट्रेनों के प्रस्थान से पहले सुविधाजनक प्रतीक्षा स्थल मिल सके। बिहार के पटना, दानापुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, समस्तीपुर, बरौनी आदि तथा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बलिया और बनारस जैसे कुल 30 स्टेशनों पर ये व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनरों का तीन प्रतिशत डीए बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राहत भरी खबर दी है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर महंगाई भत्ता (डीए) और (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की है। अब यह दर 55 प्रतिशत से बढकर 58 प्रतिशत हो गई हैं। बढ़ी हुई दरें एक जुलाई 2025 से प्रभावी होंगी। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के



अनुसार, बढ़ा हुआ डीए और डीआर अक्टूबर-2025 के वेतन और पेंशन के साथ दिया जाएगा।

वहीं, जुलाई से सितंबर 2025 तक का एरियर नवंबर 2025 में भुगतान किया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले रुपए तक राउंड किया जाएगा, जबकि 50 पैसे से कम को नजरअंदाज किया जाएगा।

# अब ओला- उबर को टक्कर देगी सरकारी टैक्सी सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत की पहली सहकारी टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' शुरू की है, जिसे ओला और उबर जैसी निजी कंपनियों को सीधे चुनौती देने के लिए डिजाइन किया गया है। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के तहत विकसित इस पहल का उद्देश्य ड्राइवरों को उनकी कमाई का पूरा हिस्सा देना है और साथ ही यात्रियों को निजी कैब एग्रीगेटर्स के मुकाबले सरकार की निगरानी में एक विकल्प प्रदान करना है।




सालों से, ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं के बारे में शिकायतें बढ़ती रही हैं, जिनमें गंदे वाहन और बढ़े हुए किराए से लेकर मनमाने ढंग से कैंसिलेशन और कीमतों में अचानक बढ़ोतरी शामिल है। कई ड्राइवरों ने कंपनियों द्वारा ली जाने वाली हाई कमीशन रेट पर भी

**टैक्सी सेवा**

> ई-गवर्नेंस प्रभाग के तहत विकसित इस पहल का उद्देश्य ड्राइवरों को उनकी कमाई का पूरा हिस्सा देना है

असंतोष व्यक्त किया है, जिससे अक्सर उनके किराये से होने वाली आय का 25 प्रतिशत तक का नुकसान होता है। भारत टैक्सी ड्राइवर अपनी सवारी पर कोई कमीशन नहीं देंगे।

# आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो आतंकी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए आईएसआईएस से जुड़े एक इंटरस्टेट मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। दिल्ली और मध्य प्रदेश के भोपाल में एक साथ हुई छापेमारी में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह मॉड्यूल आगामी त्योहारों के दौरान दिल्ली में भीड़भाड़ वाले इलाकों में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा था। पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सादिक नगर, दिल्ली निवासीमोहम्मद अदनान खान उर्फ अबू मुहरिब (19) और करोंद, भोपाल निवासी अदनान खान उर्फ अबू मोहम्मद (20) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक

**पर्दाफाश**

> दिल्ली और भोपाल में एक साथ हुई छापेमारी में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया

की देखरेख में की।

उन्होंने बताया कि दिल्ली निवासी मोहम्मद अदनान ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने आईएसआईएस के मौजूदा खलीफा अबू हफ्स अल-हाशिमी अल-कुरैशी के प्रति बैयत (निष्ठा की शपथ) ली थी।

आईएसआईएस हैंडलर अबू इब्राहिम अल-कुरैशी के निर्देश पर ली थी और इसका वीडियो आईएसआईएस की पोशाक में रिकॉर्ड कर भेजा गया था। दोनों आरोपित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कट्टरपंथी वीडियो एडिट कर युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते थे।

**विकासात्मक** *सीएम ने बड़सर अस्पताल को 100 बिस्तरों की क्षमता में स्तरोन्नत करने की घोषणा की*

# बड़सर का विकास हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला हमीरपुर के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए बड़सर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएससी कक्षाएं आरम्भ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब तक 20 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड की मान्यता दी गई है। उन्होंने बड़सर अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता को बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर केयर संस्थान पर 300



करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने बड़सर में इन्डोर स्टेडियम और पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय कॉलेज में एमए और एमकॉम की कक्षाएं आरम्भ करने और क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों और मुख्य बाजारों में सोलर लाइटें और हाइमॉस्ट लाइटें लगाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हमीरपुर में 7 विशेषज्ञ विभाग बनाने के लिये 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला की सभी सड़कों को डबल लेन किया जा रहा है और सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क के लिए 37 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 96 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बाबा बालक नाथ तीर्थस्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के लिए 65 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृति की गई है। पिछली भाजपा सरकार ने मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए नाममात्र का बजट दिया था जबकि वर्तमान सरकार ने इसका निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 16.50 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करवाया। प्रदेश सरकार ने फर्नीचर और लाइब्रेरी के लिये भी धन आवंटित किया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास के नाम पर 1000 करोड़ रुपये की लागत से जो भवन बनाए थे वे भवन वर्तमान में खाली पड़े हैं। इसके अलावा उन्होंने आम चुनावों से ठीक पहले बिना शैक्षणिक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित किए 600 स्कूल खोलने की घोषणा की थी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जारी किया नया हेल्पलाइन नंबर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को पोषण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पी एमएम वी वाई) के लिए नये टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1515 जारी करने की घोषणा की। यह नया नंबर 1 नवम्बर से सक्रिय होगा और वर्तमान हेल्पलाइन नंबर 14408 की जगह लेगा। शुक्रवार को मंत्रालय की तरफ से जारी जानकारी में बताया गया कि यह परिवर्तन लाभार्थियों की सुविधा के लिए किया गया है ताकि पोषण और पीएमएमवीवाई योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने वालों को त्वरित और सरल सेवा मिल सके।

# 30 वर्ष बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकारः सीएम योगी

- पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक वृद्धि का निर्णय
- वर्ष 1995 में तय सीमाएं अब पुरानी, लागत बढ़ने के अनुरूप अब हो रहा वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पाँच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कायारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा।

शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पाँच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पाँच गुना तक तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी। अभियंता को अब 2 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा। अधीक्षण अभियंता को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता के वित्तीय अधिकार 40 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ किए जाएंगे। सहायक अभियंता को भी सीमित दायरे में टेंडर स्वीकृति एवं छोटे कार्यों की अनुमति देने के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। बता दें कि यह पुनर्निर्धारण तीन दशकों के बाद होने जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में संशोधन के माध्यम से विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग की सेवा संरचना, पदोन्नति व्यवस्था तथा वेतनमान के पुनर्गठन से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि नियमावली में किया जा रहा यह संशोधन विभागीय अभियंताओं की सेवा संरचना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित नियमावली में विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में पहली बार मुख्य अभियंता (स्तर-एक) का नया पद सम्मिलित किया गया है। इसके साथ मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों की संख्या में वृद्धि की गई है। नवसृजित पदों को नियमावली में समाहित करते हुए उनके पदोन्नति स्त्रोत, प्रक्रिया और वेतनमान को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिससे सेवा संरचना अधिक पारदर्शी और संगठित हो सके।



### निर्माण कार्यों की लागत में पाँच गुना से अधिक की वृद्धि हुई

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्य अभियंता (स्तर-एक) के पद पर पदोन्नति अब मुख्य अभियंता (स्तर-दो) से वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी। इसी प्रकार मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया को नियमावली में स्पष्ट किया गया है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता (स्तर-एक) तक के पदों के वेतनमान और मैट्रिक्स पे लेवल भी निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ चयन समिति की संरचना को अद्यतन किया गया है, ताकि पदोन्नति और नियुक्ति की कार्यवाही अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है, इसलिए अभियंताओं की सेवा नियमावली को समयानुकूल, व्यावहारिक और पारदर्शी बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग्यता, अनुभव और



पूर्णिया में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया एनडीए के मुख्य चुनावी कार्यालय का शुभारंभ, कहा-पूर्णिया में फिर खिलेगा कमल।

## मप्र : समर्थन मूल्य पर 8 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए इस वर्ष 8 लाख 53 हजार 911 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष 7 लाख 84 हजार 845 किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि इस वर्ष विगत वर्ष की तुलना में लगभग 69 हजार अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है।

धान उपार्जन के लिये 8 लाख 47 हजार 830, ज्वार के लिये 2601 और बाजरा के लिये 5 हजार 545 किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया है कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए, ज्वार का 3699 और बाजरा का 2775 रुपए है।

## हरियाणा में स्टार्टअप्स को मिलेगी नई उड़ान



- सरकार-एसवीसीएल ने आत्मनिर्भर स्टार्टअप वेंचर फंड हेतु 100 करोड़ रुपये के योगदान समझौते पर किए हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) के बीच आज आत्मनिर्भर स्टार्टअप वेंचर फंड के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी प्रतिबद्धता योगदान समझौते (सीए) पर हस्ताक्षर किए गए। यह फंड सेबी-पंजीकृत श्रेणीझ्रवैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) झ्र वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) है, जिसका प्रबंधन एसवीसीएल द्वारा किया जाता है और जिसका लक्ष्य 250 करोड़ रुपये का कुल कोष है। सितंबर 2025 में स्टार्टअप्स और प्रमुख उद्योगपतियों के साथ हुई हालिया बातचीत के दौरान, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य सरकार की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि हरियाणा में स्टार्टअप्स को सशक्त एवं व्यापक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को नवाचार और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनाना है, ताकि उद्यमिता के माध्यम से समृद्धि का नया अध्याय लिखा जा सके। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, हरियाणा सरकार की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल तथा सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) की ओर से अरूप कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस योगदान समझौते पर हस्ताक्षर किए।

यह पहल राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप है, जिसके तहत युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता एवं बाजार संबंध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समर्पित वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना की जा रही है। यह फंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), हेल्थ-टेक, एग्री-टेक, स्वच्छ ऊर्जा सहित विभिन्न उभरते क्षेत्रों में स्केलेबल और टिकाऊ स्टार्टअप्स में निवेश करेगा।

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा केन्द्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत निवेश आकर्षित कर प्रदेश को ह्यइलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंगह्न के एक प्रमुख हब के रूप में विकसित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस दिशा में राज्य जल्द ही अपनी ईसीएमएस पॉलिसी के तहत नई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करेगा, जिनमें निवेशकों को वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास को गति देने राज्य में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की रणनीतियों की समीक्षा की गई। नई मसौदा ईसीएमएस पॉलिसी के तहत पूंजीगत एवं परिचालन खर्च की प्रतिपूर्ति, ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर व्यय, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण, क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं नवाचार सुविधाओं के विकास हेतु समर्थन जैसे अनेक प्रोत्साहन प्रस्तावित हैं।

## रक्षा मंत्री ने बॉर्डर पर देखा थार शक्ति सैन्याभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सरहदी जिले जैसलमेर में भारत-पाक सीमा से सटे लोंगेवाला बॉर्डर पर भारतीय सेना की ओर से आयोजित थार शक्ति सैन्याभ्यास का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सेना की आधुनिक युद्धक क्षमताओं और रेगिस्तानी इलाकों में लड़ाई की तैयारी का जायजा लिया। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर जवानों के साहस, पराक्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना हर परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने सेना के अधिकारियों से बातचीत कर ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी भी ली। रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह ने अपने जैसलमेर दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर स्थित लोंगेवाला में भारतीय सेना के थार शक्ति अभ्यास का अवलोकन किया। रेगिस्तान की रेत पर सैकड़ों जवानों ने आधुनिक युद्ध क्षमता और दमखम का प्रदर्शन किया। अभ्यास में रोबोट डॉग, ड्रोन, उन्नत वाहन, अत्याधुनिक टैंक और हेलीकॉप्टर शामिल थे, जिन्होंने भविष्य के युद्ध कौशल और गति-ताकत का अनोखा संगम दिखाया। रोबोटिक म्युल के माध्यम से युद्ध क्षेत्र में सप्लाई क्षमता भी प्रदर्शित हुई। रक्षा मंत्री ने जवानों से सीधे बातचीत कर मनोबल बढ़ाया, सडक पर चलते हुए उनकी आत्मीयता देखी और भारत माता की जय के जयकारों के बीच देशभक्ति का उत्सव मनाया। इस अवसर पर उन्होंने लोंगेवाला युद्ध स्थल पर चांदपुरी हॉल का उद्घाटन किया, जिसका नाम 1971 के युद्ध नायक मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी के सम्मान में रखा गया। उन्होंने लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोंगेवाला वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मन को करारी शिकस्त दी थी। थार शक्ति अभ्यास के जरिए सेना ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## भारत जल्दबाजी और बंदूक तानकर डील नहीं करताः गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका ट्रेड डील को लेकर शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे और सिर पर बंदूक रखकर डील नहीं करता है। जर्मनी में बर्लिन डायलॉग में उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (एव) और अमेरिका समेत देशों और क्षेत्रों के साथ ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है। गोयल ने कहा कि किसी भी ट्रेड डील को लॉन्ग टर्म नजरिए से देखा जाना चाहिए। भारत कभी भी जल्दबाजी में या किसी आवेश में आकर फैसला नहीं करता है।

इसके अलावा, गोयल ने टैरिफ पर बोलते हुए कहा कि हाई टैरिफ से निपटने के लिए भारत नए मार्केट की तलाश भी कर रहा है। अपनी शर्तों पर डील करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ट्रेड डील हमेशा लॉन्ग टर्म नजरिए से की जाती है। यह सिर्फ टैरिफ या सामान और सर्विस तक पहुंच के बारे में नहीं है, यह भरोसे और रिश्ते के बारे में भी है। लंबे समय के लिए ट्रेड डील सिर्फ टैरिफ से कहीं ज्यादा होती हैं और हम सिर्फ आज के मुद्दों और टैरिफ पर ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा- भारत हमेशा राष्ट्रीय हित के आधार पर ही फैसले करता है कि उसके मित्र कौन होंगे अगर कोई कहे कि आप यूरोपीय संघ के दोस्त नहीं रह सकते या केन्या के साथ काम नहीं कर सकते, तो मैं यह मंजूर नहीं करूंगा।



**अमेरिका ने भारत पर बैन क्यों लगाया**

उन्होंने कहा- 'मैं आज के अखबार में पढ़ रहा था, जर्मनी तेल पर यूएस के बैन से छूट मांग रहा है। यूके ने पहले ही यूएस से तेल खरीदने की छूट ले ली है या शायद उसे मिल भी गई है तो फिर सिर्फ भारत को ही क्यों चुना जा रहा है।' यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का दबाव बना रहा है।

## सिवान में जंगलराज की वापसी नहीं होने देना हैः अमित शाह

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शुक्रवार को एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित किया, वहीं देंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वान में जनसभा को संबोधित किया। सिवान में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि उन्होंने नामांकन के बाद पहली सभा सिवान में रखने कि इच्छा जताई थी। क्योंकि 20 सालों तक लालू-राबड़ी के शासनकाल में सिवान की भूमि ने जंगलराज को सहा है।

## बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को मौका देगीः अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को एक मौका देगी। उन्होंने तेजस्वी यादव को इंडी गठबंधन की ओर से बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शुक्रवार को किशनगढ़ मार्बल सिटी आए थे। चार्टर प्लेन से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे अखिलेश यादव का यहां फूल माला से स्वागत किया गया।



मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि बिहार की जनता इंडी गठबंधन को एक मौका जरूर देगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार नहीं झूठ का इंजन है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी डबल इंजन सरकार है। कितना विकास हो रहा है जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सपा की सरकार तो 2027 में ही बन जाएगी।

उल्लेखनीय है कि यादव किशनगढ़ मार्बल औद्योगिक क्षेत्र में आर के मार्बल के प्रतिष्ठान 90 डिग्री पर गए जहां देशी और विदेश मार्बल देखे। अखिलेश यादव के किशनगढ़ आगमन की सूचना पर किशनगढ़ एयरपोर्ट से लेकर मार्बल क्षेत्र में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बालिका शिक्षा को मिली नई राह

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार कि प्राथमिकता है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें जिससे राज्य महिला शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छू सकें। इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा संचालित देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना प्रदेश की किशोरियों में उत्साह और जोश भरने का कार्य कर रही है। प्रदेश में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए देवनारायण छात्रा स्कूटी



वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2011-12 में आरम्भ की गई थी। इस योजना के तहत राजस्थान मूल की विशेष पिछडा वर्ग की वे छात्राएं जिन्होंने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं, तथा राजस्थान स्थित राजकीय महाविद्यालयों, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित अध्ययनरत है, उन्हें 12 वीं परीक्षा में प्राप्तांक प्रतिशत की वरीयता सूची के आधार पर स्कूटी प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के तहत प्रतिवर्ष निर्धारित लक्ष्य के अलावा अन्य समान कट ऑफ प्राप्तांक वाली छात्राओं को भी स्कूटी निःशुल्क वितरित की जाती है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए छात्रा के माता पिता/अभिभावक/संरक्षक/पति की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

## पत्रकार पर हमला तो क्या सुरक्षित है लोकतंत्र के स्तंभ-उत्तर प्रदेश पत्रकार कल्याण परिषद

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः शासन** प्रशासन और आम जनमानस के बीच एक धुरी का कार्य करने वाले लोकतंत्र के मजबूत स्तंभों में से एक स्तंभ पत्रकारिता से जुड़े लोगों में इन दिनों डर की भावना पैदा हो गई है इस पेशे से जुड़े लोग सही मानो में अब स्वतंत्र रूप से अपने कार्य नहीं कर पा रहे हैं? यह एक गंभीर विषय है। बीते कुछ वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में पत्रकारों पर हमला मामूली बात हो गई है इतना ही नहीं कई जगहों पर पत्रकारिता से जुड़े लोगों को सलाखों में भी भेजा गया ये अलग बात है की अदालत में उनके ऊपर लगे मुकदमे फर्जी पाए गए लेकिन यह तमाम बातें इशारा कर रही है कि समाज को आईना दिखाने वाले भी अपराधियों के निशाने पर आ





चुके हैं खासकर ऐसे पेशेवर अपराधियों के जो बड़े स्तर पर नशे का कारोबार करते हैं सट्टा जुआ खिलाते हैं अवैध खनन में लिप्त है और नाजायज वसूली करते हैं यही लोग अपने गुर्गों से इसलिए पत्रकारों को निशाना बनाते हैं ताकि उनकी खबर चलाने, दिखाने या लिखने से पूर्व उनके अंदर दहशत बनी रहे जरूरत है ऐसे पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर उन पर कठोरतम कार्रवाई करने की। आशा ही नहीं पूर्ण रूप से विश्वास है की उत्तर प्रदेश शासन अति शीघ्र प्रदेश के समस्त जिलों के अफसर को निर्देश देगा कि इस तरह के कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए गौर तलब है कि जिस जिले में इस तरह का अवैध कारोबार चल रहा है वहां से अपराध रोकने के नाम पर बना विशेष पुलिस बल के लोग मोटी रकम वसूल रहे हैं.? और उनके संरक्षण में ही प्रत्येक जिले में विशेष कर प्रयागराज में इस तरह के कार्य खूब फल फूल रहे हैं इसकी गोपनीय जांच कराई जाए इसके अलावा शासन पत्रकारों की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था करें जिससे भय मुक्त होकर पत्रकार अपने कार्य को कर सके क्योंकि पत्रकारिता से जुड़े लोगों में अब इस बात का संदेश चला गया है कि जब पत्रकार पर हमले में वृद्धि हो रही है तो क्या लोकतंत्र का स्तंभ सुरक्षित है..? उत्तर प्रदेश पत्रकार कल्याण परिषद पत्रकार की हत्या की कड़ी निंदा करता है परिषद शीघ्र समस्त पदाधिकारी की एक आवश्यक बैठक कर प्रदेश सरकार से एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर यह मांग करेगा पत्रकारों की सुरक्षा का यथाशीघ्र इंतजाम किया जाए इन पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# सीएम ने विकास परियोजनाओं और छठ घाट किया उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं और नवनिर्मित छठ घाट को श्रद्धालुओं को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह घाट न केवल पूर्वांचली भाई-बहनों की आस्था का प्रतीक है, बल्कि दिल्ली के सांस्कृतिक गौरव और सहभागिता की पहचान भी बनेगा। आज भाजपा सरकार के नेतृत्व में जिस समर्पण और संवेदनशीलता से छठ महापर्व की तैयारियां की जा रही हैं, वह अभूतपूर्व है। इस बार यमुना किनारे जब हमारी बहनें सूर्य देव को अर्घ्य देंगी, तो वे स्वच्छ और निर्मल जल में खड़ी होकर अपनी प्रार्थनाएं अर्पित करेंगी। उन्होंने कहा कि यह नया घाट दिल्ली में आस्था और विकास के संगम का प्रतीक है। इस अवसर पर लक्ष्मी नगर से विधायक अभय वर्मा उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने द्वारका सेक्टर 23-बी में निमार्णाधीन छठ स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर तैयारियों में श्रमदान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के चेहरों पर उत्साह और विश्वास दोनों दिखाई दे रहा है। लोग को अनुभव हो रहा है कि दिल्ली सरकार उनके पर्व के साथ है। इस अवसर पर विधायक संदीप सहरावत एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने बीएसएफ जवानों के साथ मनाया भाईदूज, बोलीं- उनकी हर जरूरत का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बीएसएफ के जवानों के साथ भाईदूज का पर्व मनाया। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि सीमा पर डटे ये रक्षक जब अपने घर-परिवार से दूर रहते हैं, तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि उनके परिवार की तरह उनका साथ दें, उनकी हर जरूरत का ध्यान रखें।
मुख्यमंत्री ने इसी भावना के साथ आज छावला स्थित बीएसएफ कैंप में पानी की पाइपलाइन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री 11 अगस्त को जब वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान यहां आई थीं, तब वादा किया था कि सालों से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान हमारी सरकार करेगी। आज उस वादे को निभाने का क्षण है। यही है हमारी सरकार की कार्यशैली, वचन से कर्म तक और सेवा से समाधान तक।
उन्होंने कहा कि जैसे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर दीपावली जवानों के साथ मनाते हैं, वैसे ही दिल्ली सरकार भी अपने हर सुरक्षाकर्मी को परिवार मानकर उनके कल्याण और सुविधाओं के लिए समर्पित है।
जल्द ही जवानों की मांग पर यहां सिंथेटिक ट्रैक का भी निर्माण कराया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण और खेल दोनों के लिए उन्हें सर्वोत्तम सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने भाईदूज के पावन पर्व की सभी वीर जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक संदीप सहरावत और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सांसद ने अजमल खां पार्क स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और नई दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के अजमल खां पार्क स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की समीक्षा की।
इस अवसर पर बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह केवल सफाई नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति के प्रति आस्था और सेवा का संकल्प है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। सांसद ने कहा कि दिल्ली छठ महापर्व की तैयारियों में जुटी है।
ऐसे में स्वच्छता अभियान के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्रमदान कर परिसर की सफाई में सहयोग किया, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर मातृशक्ति की आस्था, पर्यावरणीय संतुलन और लोकपरंपरा की अद्भुत एकता का उत्सव है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बब्बर, पार्टी कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्लाउड सीडिंग दिल्ली के लिए जरूरी: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**प्रयोग**
□ क्लाउड सीडिंग दिल्ली के लिए एक आवश्यकता है और यह अपनी तरह का पहला प्रयोग है: सीएम




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को छावला स्थित बीएसएफ कैंप में पानी की पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने सुरक्षाबलों के साथ भाई दूज का पर्व मना। साथ ही क्लाउड सीडिंग को लेकर जानकारी भी दी। 1982 से कनेक्शन से वंचित बीएसएफ कैंप में पाइप लाइन का काम शुरू हुआ है।

**'क्लाउड सीडिंग दिल्ली के लिए आवश्यक'**
सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि क्लाउड सीडिंग दिल्ली के लिए एक आवश्यकता है और यह अपनी तरह का पहला प्रयोग है। हम इसे दिल्ली में आजमाना चाहते हैं ताकि यह देखा जा सके कि क्या यह इस गंभीर पर्यावरणीय समस्या को नियंत्रित करने में हमारी मदद कर सकता है। इसलिए दिल्ली के लोगों का आशीर्वाद सरकार के साथ है, और हमें लगता है कि यह एक सफल प्रयोग होगा और भविष्य में, हम इन पर्यावरणीय समस्याओं पर काबू पा सकेंगे।

**सीएम ने अर्धसैनिकों के साथ मनाया भाई दूज**
जवानों के साथ भाई दूज मनाने पर सीएम ने कहा कि ये कैंप 1982 में स्थापित किया गया था। तब से यहां पानी की पाइपलाइन नहीं पहुंची है। मैंने अपने भाइयों से वादा किया था कि हम जल्द ही यहां पानी की पाइपलाइन लाएंगे। मुझे खुशी है कि इस भाई दूज पर मैं पानी की पाइपलाइन चालू करने का काम शुरू कर पाई। मैं अपने सभी भाइयों से वादा करती हूं कि अगर आप मुझे कोई भी काम सौंपेंगे, तो हमारी सरकार उसे जल्द से जल्द पूरा करेगी।

**रात में भी काम कर सकेंगी दिल्ली की महिलाएं**
सीएम ने आगे कहा कि मुझे यह सोचकर हैरानी होती है कि महिलाओं को रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक काम करने का अधिकार क्यों नहीं दिया गया था। हमने इसे निरस्त कर दिया है। अब महिलाएं अपनी सुविधानुसार कभी भी काम कर सकती हैं।

**सीएम ने लिया छठ की तैयारियों का जायजा**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में लगभग 1500 जगहों पर छठ घाट बनाए गए हैं।

# चार स्कूलों को बम की धमकी के ईमेल, जांच में निकले फर्जी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह फिर से चार स्कूलों को बम की धमकी भरे ईमेल मिले। इसके बाद प्रशासन ने तुरंत स्कूल खाली करवाए और पूरी जांच की। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग चार स्कूलों को बम की धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे, जो जांच में झूठे साबित हुए। अग्निशमन विभाग के अनुसार, द्वारका सेक्टर 16 स्थित सीआरपीएफ स्कूल में बम की धमकी के संबंध में पहली कॉल सुबह 8.15 बजे आई, इसके बाद 8.20 बजे नांगलोई स्थित संत दर्शन पब्लिक स्कूल से एक और कॉल आई। सुबह करीब 8.51 बजे गोयला डेयरी इलाके के शांति ज्ञान निकेतन से भी ऐसी ही एक कॉल आई और चौथी धमकी सुबह 10.33 बजे प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल से मिली। घटनास्थलों पर फायर सर्विस की कई टीमें, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत पहुंच गए। सभी जगहों की अच्छी तरह से तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों के मुताबिक, अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये ईमेल कहां से भेजे गए और इसके पीछे कौन लोग हैं।

# "डिजिटल अरेस्ट" ठगी का भंडाफोड़, दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिले की साइबर सेल थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपित फर्जी जांच एजेंसी के नाम पर लोगों को धमकाकर उनसे लाखों रुपये ठगते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोएब भाई मुल्तानी (24) और असलम भाई मुल्तानी (37) के रूप में हुई है। दोनों गुजरात के रहने वाले हैं। जबकि झारखंड निवासी जितेन्द्र कुमार को इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराड़े शरद भास्कर ने शुक्रवार को बताया कि शिकायतकर्ता देबजानी दास चौधरी दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें 19 जुलाई को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर कहा कि उनका नाम ह्लनरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केसह्व में सामने आया है। आरोपित ने उन्हें यह कहकर धमकाया कि उन पर जांच चल रही है और व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल के जरिये निगरानी में रखा गया है। फिर जांच के बहाने उनसे कुल सात लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता के बयान पर पश्चिमी जिले की साइबर थाने में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया।

# महापौर ने छठ महापर्व की तैयारियों के बीच प्रमुख छठ घाटों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने आगामी छठ महापर्व के तहत शुक्रवार को राजधानी के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। महापौर ने श्याम घाट, राम घाट तथा बुराड़ी से सोनिया विहार तक विभिन्न छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि छठ महापर्व दिल्लीवासियों की आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, जल निकासी और आवागमन की सुगमता से संबंधित तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।
महापौर ने बताया कि निगम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छठ घाटों के आसपास स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, फॉगिंग और कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएं। निगम के सफाई कर्मचारी निरंतर घाटों की सफाई और कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर ने कहा की इस बार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं।

# दमघोंटू हवा: दिल्ली को अभी प्रदूषण से राहत नही



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। शुक्रवार सुबह केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 403 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। यह स्थिति न केवल दिल्ली के निवासियों के लिए, बल्कि विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए अत्यंत हानिकारक है। आनंद विहार के अलावा, शहर के अन्य प्रमुख इलाकों में भी वायु गुणवत्ता 'खराब' से 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आईटीओ क्षेत्र में एक्यूआई 316 दर्ज किया गया। वहीं इंडिया गेट और उसके आसपास के इलाकों में एक्यूआई 254, धौला कुआं में 257 दर्ज किया गया।

**27 अक्तूबर तक दिल्ली हवा रहेगी खराब**
केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि सोमवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या भी हो सकती है। बृहस्पतिवार को अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 2650 मीटर रही।
सीपीसीबी के अनुसार, बीते 24 घंटे में हवा की गति में इजाफा हुआ है। ऐसे में बृहस्पतिवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

**सोमवार से दिल्ली में बदल सकता है मौसम का मिजाज**
मौसम विभाग की मानें तो 27 अक्तूबर से नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।
अब दिल्ली-एनसीआर पर इस पश्चिमी विक्षोभ का क्या असर होगा इस बारे में अपडेट नहीं मिल पाया है। हालांकि उससे पहले 26 अक्तूबर को दिल्ली में बेहद हल्के बादलों की मौजूदगी देखी जा सकती है।

## ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला के साइबर थाना पुलिस ने फर्जी डोनेशन और एनजीओ रजिस्ट्रेशन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने मित्रपुरम, शमशाबाद रोड, आगरा निवासी मनीष बिस्वास (19), रश्मि विहार कॉलोनी, आगरा निवासी मंथन कुमार (23) और बड़ौली अहीर, सदर, आगरा निवासी प्रिंस उर्फ कालू उर्फ कमलेश (20) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दिल्ली के बाड़ा हिन्दू राव इलाके में रहने वाले 76 साल के बुजुर्ग को एनजीओ रजिस्ट्रेशन के नाम पर ठगा था। पुलिस ने छानबीन के बाद तीनों आरोपियों को आगरा से दबोचा है। एक आरोपी खाता धारक

# दिल्ली में कंपनी चला रहे थे कॉन्ट्रैक्ट किलर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में मुठभेड़ में ढेर बदमाश रंजन पाठक, मनीष पाठक, अमन ठाकुर और बिमलेश महतो दिल्ली में बैठकर सिग्मा एण्ड कंपनी चला रहे थे। इस गिरोह को गैंग नहीं कंपनी बोला जाता था। ये बिहार के सीतामढ़ी जिले के बदमाशों का गिरोह है। ये दिल्ली से बिहार में फोन कर रंगदारी मांगते थे। रंगदारी नहीं देने और इनका बताया हुआ काम नहीं होने पर ये बिहार जाकर हत्या की वारदात को अंजाम देते। इसके बाद ये दिल्ली लौट आते थे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये बिहार में ज्यादातर व्यवसायी, कारोबारी और नेताओं से रंगदारी मांगते थे। इन्हें धमकी देकर काम करवाते थे। गिरोह का सरगना रंजन पाठक पैसे लेकर सुपारी किलिंग करने के लिए बिहार में प्रसिद्ध था। अमन और मनीष मूलरूप से बिहार के रहने वाले थे। अमन नांगलोई और मनीष करावल नगर में रहते थे। इन दोनों ने रंजन पाठक और बिमलेश महतो को दिल्ली में शरण दे रखी थी। दोनों के पास रहकर ये अपना गिरोह चला रहे थे। अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्चुअल नंबर से फोन करने पर लोकेशन दूसरे देशों की आती हैं। यही वजह थी कि पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे थे। इस सिग्मा एण्ड कंपनी ने पिछले तीन महीने में सुपारी लेकर पांच हत्याओं और दो रंगदारी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके नाम से जिले में दहशत का माहौल था।

# दुष्कर्म मामले में जमानत खारिज: दोस्ती...दुष्कर्म का लाइसेंस नहीं: कोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दोस्ती किसी आरोपी को पीड़िता के साथ बार-बार दुष्कर्म करने और उसे बेरहमी से पीटने का लाइसेंस नहीं देती। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने पॉक्सो मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए उसके इस दावे को अस्वीकार कर दिया कि वह और शिकायतकर्ता दोस्त थे, इसलिए यह सहमति से संबंधित मामला हो सकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता की ओर से यह दावा कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता दोस्त थे और इसलिए यह सहमति से संबंधित मामला हो सकता है। इस अदालत द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि भले ही संबंधित पक्ष दोस्त थे, लेकिन दोस्ती याचिकाकर्ता को पीड़िता के साथ बार-बार दुष्कर्म करने, उसे अपने दोस्त के घर में कैद करने और बेरहमी से पीटने का कोई लाइसेंस नहीं देती। मामले के अनुसार संगम विहार थाने में पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# शातिर ठग को द्वारका पुलिस ने गोवा से किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिले की साइबर सेल थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने लिंक्डइन और अन्य प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर दिल्ली की एक महिला और उसके परिवार से करीब 1.10 करोड़ की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपित को गोवा से पकड़ा है।
द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुनाल सतीश हेलकर (24) के रूप में हुई है। वह महाराष्ट्र का रहने वाला है और खुद को बड़ी कंपनी का सीईओ बताकर लोगों को झांसे में लेता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकर्ता दीक्षा कनोजिया ने पुलिस को बताया कि आरोपित ने उनसे 20 फरवरी 2024 को लिंक्डइन पर संपर्क किया और विजया डिजिटल कॉरपोरेशन नाम की अपनी कथित कंपनी में डिजिटल एसोसिएट न्यूज एडिटर की नौकरी का प्रस्ताव दिया, जिसमें 45,000 वेतन का वादा किया गया था। धीरे-धीरे आरोपित ने पीड़िता और उसके परिवार का भरोसा जीत लिया। उसने फर्जी कंपनियों के नाम से नकली वेबसाइट और ईमेल बनाए और खुद को यूनेस्को इंडिया से जुड़ा बताने लगा। इसके बाद उसने झूठे ऑफर लेटर, फर्जी दस्तावेज और नकली रसीदें दिखाकर परिवार से विभिन्न बहानों जैसे गैजेट खरीद, डीडीए फ्लैट अलॉटमेंट, इंटर्नशिप फीस और निवेश योजनाओं के नाम पर मोटी रकम वसूल ली।ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया।

## पीड़िता के परिवार पर लगातार निगरानी भी रखी

पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपित ने न केवल फर्जी पहचान बनाकर ठगी की, बल्कि पीड़िता के परिवार पर लगातार निगरानी भी रखी। वह रोजाना फोन और वीडियो कॉल करता था और यहां तक कि परिवार के घर में सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए थे ताकि उन पर नजर रख सके। साइबर थाना द्वारका की टीम ने तकनीकी जांच के दौरान आरोपित के मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बैंक खातों और डिजिटल ट्रेल का विश्लेषण किया। डिजिटल निगरानी से पता चला कि वह गोवा में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने गोवा में छापा मारकर आरोपित को दबोचा। पुलिस ने आरोपित के पास से दो मोबाइल फोन, फर्जी कंपनी के दस्तावेज, नकली नियुक्ति पत्र, डीडीए अलॉटमेंट ईमेल, रसीदें और झूठे नाम से जारी चेक बरामद किए।

# उपायुक्त ने सूरजकुंड सरोवर के तट पर पूजन कर जल प्रवाह का किया शुभारंभ

**मेला**

**1 से 5 नवंबर तक लगेगा यमुनानगर के कपाल मोचन में ऐतिहासिक श्री कपालमोचन मेला,**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर**
ऐतिहासिक श्री कपाल मोचन-श्री आदि बद्री मेला 2025 की तैयारियां इस समय जोरों पर हैं। प्रशासनिक और विभागीय टीमें लगातार दिन-रात काम में जुटी हैं, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरा मेला क्षेत्र एलईडी लाइटों से जगमगाएगा, और सुरक्षा व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
मेला मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आज पवित्र सूरजकुंड सरोवर के तट पर विधिवत पूजन कर जल प्रवाह का शुभारंभ किया। कैलाश मानसरोवर से लाया गया पवित्र जल श्री सूरजकुंड में डाला गया। उन्होंने बताया कि मेले की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है, और धूल-मिट्टी से बचाव हेतु सड़कों पर समय-समय पर पानी का छिड़काव किया जाएगा।
श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने हेतु व्यासपुर से मेला स्थल तक ई-रिक्शा सेवा चलाई जाएगी। साथ ही, परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की जा रही है।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि बिजली विभाग ने मेले के क्षेत्र में नए खंभे और ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिए हैं। स्थायी एलईडी लाइटों से कपाल मोचन, ऋण मोचन और सूरजकुंड के आस-पास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह प्रकाश केवल मेले तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे वर्ष यहां आने वाले लोगों को आकर्षित करेगा।
सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस बल के साथ 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरा सिस्टम द्वारा पूरे मेला क्षेत्र पर निगरानी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की सहायता हेतु वालंटियर टीमों को तैनात किया जाएगा।
मेला में स्थायी व अस्थायी शौचालय, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा शिविर, खाद्य सामग्री और दूध की पर्याप्त आपूर्ति, बैरिकेडिंग, सड़क मरम्मत और पुलिस प्रबंध जैसे सभी कार्य समय पर पूरे किए जा रहे हैं।मेला प्रशासक एवं एस.डी.एम. जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएंगे, जिनमें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्थल के मध्य में सांस्कृतिक मंच तैयार किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही, गुमशुदा तलाश केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि श्री कपाल मोचन मेला में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, और उन्हें सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, डी.डी.पी.ओ. नरेन्द्र सिंह, डी.आई.ओ. विनय गुलाटी, डीएसपी हरविंदर सिंह, मेला अधिकारी एवं बी.डी.पी.ओ. व्यासपुर आस्था गर्ग, थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के एसडीई राजेंद्र, पब्लिक हेल्थ से एसडीई जफर इकबाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल जयंती पर 31 अक्टूबर को होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**रन फॉर यूनिटी**

**रन फॉर यूनिटी एन डी आर आई गेट से शुरू होकर कर्ण स्टेडियम में संपन्न होगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी एन डी आर आई गेट से शुरू होकर कर्ण स्टेडियम में संपन्न होगी, जिसमें कॉलेज व स्कूली बच्चों सहित शहरभर से समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी वर्गों के करीब तीन हजार लोग भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं। एसडीएम एवं नोडल अधिकारी अनुभव मेहता शुक्रवार को अपने कार्यालय में रन फॉर यूनिटी की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए की कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा टीम एंबुलेंस सहित व आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान पूरे रूट पर साफ सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग व रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव को निर्देश दिए की आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
एसडीएम ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी के मार्ग पर पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों को विद्यार्थियों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया, ताकि कार्यक्रम में उत्साह और देशभक्ति का वातावरण बने।

# युवक संदिग्ध हालात में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के उत्तम नगर इलाके में एक 25 वर्षीय युवक संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। युवक का रात को पत्नी से झगड़ा हुआ था। सुबह वह बाइक लेकर घर से निकला और बोला कि क्रिकेट खेलने जा रहा है, लेकिन दिनभर घर नहीं लौटा। देर शाम उसकी बाइक, कपड़े और मोबाइल पुंडरक नहर किनारे पर मिले। सूचना मिलते ही परिवार और पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में तलाश शुरू की गई।
करनाल के उत्तम नगर निवासी विक्की नामक युवक सुबह छह बजे घर से निकला था। उसने परिवार को बताया था कि वह क्रिकेट खेलने जा रहा है, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार ने कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।
देर शाम किसी राहगीर ने पुंडरक नहर किनारे एक बाइक,



कपड़े, मोबाइल और हेलमेट देखा। बाइक पर पाजामा और हेलमेट रखे थे, चप्पल भी वहीं पड़ी थी। राहगीर ने मोबाइल पर आ रही कॉल रिसीव की और सारी जानकारी परिवार को दी। इसके बाद परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।
परिजनों के मुताबिकए विक्की की पत्नी ऋतु के साथ रात को झगड़ा हुआ था। बात इतनी बढ़ गई कि डायल-112 पर कॉल कर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने लेकर गई। वहां समझौता होने के बाद दोनों घर लौट आए। परिवार का कहना है कि रात को मामला शांत हो गया था, लेकिन सुबह विक्की घर से निकला और फिर लौटा नहीं।
विक्की की पत्नी ऋतु ने बताया कि वह रात को देर से और थोड़ी पीकर घर आए थे। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। झगड़े के दौरान विक्की ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। उसने पुलिस को कॉल किया तो डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को साथ ले गई। थाने में राजीनामा होने के बाद रात को घर लौट आए थे। सुबह वे बोले किए क्रिकेट खेलने जा रहा हूं और बाइक लेकर चले गए। तब से उनका कोई पता नहीं चला।
सेक्टर 32-33 थाना पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि विक्की के लापता होने की जानकारी मिली है। मौके से उसकी बाइक, कपड़े और मोबाइल बरामद हुए हैं। फिलहाल युवक का कोई सुराग नहीं मिला है।

# बार एशोशिएशन खरखौदा को दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा थाना प्रभारी को शिकायत देते हुए आशुतोष सरोहा एडवोकेट (प्रधान) बार एशोशिएशन खरखौदा ने बताया कि वह दिनांक 22 अक्टूबर की शाम करीब सवा 4 बजे पर बैंक से अपना काम समाप्त कर अपने आफिस बीएमएस टावर जोकि बस स्टैंड के सामने वाली गली में जा रहा था। जब वह अपनी गली में मुडा तो उसी दौरान एक मोटरसाईकल पर बैठे 2 लड़को ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने हार्न बजाया तो वो खिडकी के पास आ गए। उसी पल दूसरी मोटरसाईकिल पर बैठे 2 अन्य लडको ने भी गाडी के सामने अपनी मोटरसाईकिल अडा दी। जब शीशा खोलकर उन्हे हटने के लिए कहा तो उन्होने धमकी देकर गाडी से नीचे उतरने के लिए कहा। जिस पर बार प्रधान नीचे उतरा ही था कि उपरोक्त चारो

# कांग्रेस ने दून क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को दी गति



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर मैनपाल।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने आज दून क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोट चोरी कर सत्ता में आने के खिलाफ चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की और कार्यकताओं को कालका विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-2 फार्म भी वितरित किए।
चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने सत्ता में आने के लिए लोकतंत्र की मयार्दाओं को तोड़ा है। आज राहुल गांधी ने इनकी पोल खोल दी है। जनता जान चुकी है कि कैसे वोटिंग से पहले वोट प्रतिशत अचानक बढ़ जाता है और ऐसे ही कई कारणों से बीजेपी सत्ता में आती रही है। उन्होंने कहा कि कालका क्षेत्र में टूटी सड़कों, लावारिस पशुओं, अफसरशाही, बढ़ती बेरोजगारी और जनता की अनदेखी जैसे मुद्दों पर लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन सड़कों का शुभारंभ किया जा रहा है, उनका शीघ्र निमार्ण कार्य भी तुरंत शुरू किया जाए, ताकि सर्दियों के आने पर काम में देरी या बहानेबाजी न हो। कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों को लेकर बीजेपी से जवाब मांग रही है और संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### नैटफ्लिक्स पर कुरुक्षेत्र अपने आखरी अध्याय के साथ वापस लौट आया है

**गुरुग्राम।** वह धर्मयुद्ध जो सही या गलत के प्रश्नों से शुरू हुआ था, एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर आ पहुँचता है, जहाँ गठबंधन टूटते हैं, किस्मतों के फैरसले होते हैं और धर्म की परीक्षा होती है। धर्म के इस युद्ध में कुछ बलिदान तो देना पड़ेगा, - इस रोमांचकारी अंत में 18 योद्धाओं में हर एक योद्धा अपने फैसलों की कीमत चुकाता है और इस तरह यह गाथा पूरी होती है।जेसे जेसे युद्धघोष शांत होते हैं और तीर अपने लक्ष्यों को बेधते हैं, बस एक ही प्रश्न बचता हैः कौन रहेगा धर्म पर कायम और कौन होगा महत्वकांक्षा का शिकार देखिए कुरुक्षेत्र के सभी 18 एपिसोड अब सिर्फ. नैटफ्लिक्स पर।

### युवक की फोटो एडिट कर ब्लैकमेलिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के जुंडला गांव में एक युवक की फोटो एडिट कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फोटो में युवक की तस्वीर एक लडकी के साथ जोडकर अश्लील फोटो तैयार की और उसे वायरल करने की धमकी दी। इसके बदले पैसे की मांग भी की गई। पुलिस जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
गांव जुंडला के एक युवक ने एसपी करनाल को दी शिकायत में बताया कि वह बीती 1 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के सरपंच कार्यालय में किसी जरूरी काम से गया था। उसी दौरान गांव का ही मुन्ना राम शराब के नशे में था, वह उससे मिला और उसने उसको बाहर बुलाया और मोबाइल में एक फोटो दिखाई। फोटो देखकर पीड़ित युवक हैरान रह गया, क्योंकि उसमें उसकी तस्वीर को किसी लडकी के साथ जोडकर अश्लील रूप से एडिट किया गया था।
पीड़ित युवक ने बताया कि मुन्ना ने उसे धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए, तो वह यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। आरोपी वहां से धमकी देकर चला गया। प्रेमपाल ने तुरंत इस बारे में पुलिस में शिकायत दी और न्याय की गुहार लगाई।
शिकायत पर 3 अक्टूबर को मामला पुलिस चौकी जुंडला में दर्ज किया गया। जांच सब-इंस्पेक्टर बंसीलाल को सौंपी गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दौरान जांच शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए गए। इस दौरान युवक ने वह फोटो के दो प्रिंटआउट प्रस्तुत किए, जिनकी उसने खुद सत्यापित कॉपी दी।
जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी मुन्ना ने ही युवक की फोटो को किसी लडकी की तस्वीर के साथ जोडकर एडिट किया था और उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपए की मांग की थी। पुलिस ने फोटो के डिजिटल प्रिंट और गवाहों के बयान के आधार पर मामले को गंभीर मानते हुए आगे की कार्रवाई की। जांच पूरी होने पर पुलिस ने पाया कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। इस आधार पर 24 अक्टूबर यानी शुक्रवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में डिजिटल साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने फोटो कब और कैसे एडिट की, और क्या उसने फोटो किसी प्लेटफॉर्म पर शेयर भी की थी। अगर वायरल करने की पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ और गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़,स्कूल ड्राइवर पर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के एक गांव की 12 साल की बच्ची ने पूर्व स्कूल ड्राइवर पर छेड़छाड़ और मैसेज के जरिए परेशान करने का आरोप लगाया है। बच्ची ने यह शिकायत सीधे बाल कल्याण समिति करनाल को वॉट्सऐप के माध्यम से दी। समिति ने मामला गंभीर मानते हुए थाना कुंजपुरा पुलिस को आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए। बाल कल्याण समिति करनाल को बीती 23 अक्तूबर को एक नाबालिग बच्ची ने अपने मोबाइल नंबर से समिति के चेयरमैन के मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप के जरिए संदेश भेजा।

# सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में खेल महोत्सव को लेकर युवाओं में उत्साह - अमित गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 अक्तूबर (कुलदीप सैनी)** : सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि रादौर विधानसभा क्षेत्र में यह संख्या तीस हजार पार कर गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित गर्ग ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और खेल महोत्सव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। गर्ग ने कहा कि इन प्रतिभागियों में खेलों के प्रति उत्साह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लफिट इंडिया अभियानह्व के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का जुनून देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का मानना है कि इस आयोजन से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और ग्रामीण अंचलों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि



इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होगा। उन्होंने कहा है कि यह महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने, फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा देने का अभियान है।
खेल महोत्सव में 15 खेल विधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें क्रिकेट, कुश्ती, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और पोलो का डेमोंसट्रेशन मैच प्रमुख हैं। इस मौके पर उनके साथ एडवोकेट विजय चमरोड़ी व संजू काम्बोज मौजूद रहे।

# पर्यावण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम एक्टिव मोड में

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए नगर निगम करनाल एक्टिव मोड में आ गया है। इसे लेकर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने एक आदेश जारी कर अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम का गठन किया है। यह टीमें शहर में दौरा कर ग्रैप-2 के नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की गाईडलाईन की सख्ताई से पालना करवाई जानी सुनिश्चित की जाए। सडकों की यांत्रिक/वैक्यूम आधारित सफाई दैनिक आधार पर की जाए। विशेष रूप से हॉटस्पॉट, भारी यातायात गलियारों, संवेदनशील क्षेत्रों और निर्दिष्ट स्थलों/लैंडफिल में एकत्रित धूल का उचित निपटान करें। होटलों, रेस्तरां और खुले स्थानों में तंदूरों सहित कोयला व जलाऊ लकड़ी का उपयोग न हो। होटल, रेस्तरां और खुले भोजनालय केवल बिजली

**गठन**

**निगरानी के लिए टीमों का गठन कर फील्ड में उतारा पानी का निरंतर किया जा रहा छिडकाव**

या स्वच्छ ईंधन गैस आधारित उपकरणों का उपयोग करें।
आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोडकर डीजल जनरेटर के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंद रहेगा। निजी परिवहन को हतोत्साहित करने के लिए पार्किंग शुल्क में वृद्धि करें। रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सर्दियों के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध करवाएं।
निर्माण कार्य ढक कर करें- उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जितने भी निर्माण स्थल हैं, उनमें प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे बजरी, रेत, सीमेंट, मिटट्टी, कोर्स सैंड व डस्ट इत्यादि को कवर करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य भी ग्रीन कवर या टीन इत्यादि से ढक कर किया जाए। अगर कोई पालना नहीं करता तो सम्बंधित भवन मालिक का चालान किया जाए। इसके लिए कनिष्ठद्द अभियंता, सफाई निरीक्षक व भवन निरीक्षक की अलग-अलग टीमें बना दी गई हैं, जो फील्ड में उतर गई हैं।
कूड़ा-कर्कट में न लगे आग- उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक व सभी जोन इंचार्ज को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी कूड़े-कर्कट में आग नहीं लगनी चाहिए। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कहीं भी कूड़ा जमा न होने दें, इसके लिए सम्बंधित जोन इंचार्ज व दरौगा जिम्मेवार होंगे। उन्होंने सख्त निर्देश देते कहा कि कहीं भी आग लगने का मामला सामने नहीं आना चाहिए।
पानी का करवाएं छिडकाव-उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि शहर के सभी मुख्य मार्गों व मार्किट क्षेत्रों में पानी का निरंतर छिडकाव करवाया जाए। बता दें कि टैंकरों की सहायता से पानी का छिडकाव कार्य जारी है। इसके लिए एस.टी.पी. से निकलने वाले उपचारित जल का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर निगम की शहर में जितनी भी परियोजनाएं चल रही हैं, सभी पर पानी का छिडकाव करवाया जाए, ताकि धूल-मिट्द्दी हवा में न उठे। इसके लिए निर्माण एजेंसी को बोला जाए। सी एंड डी वेस्ट न दिखे- उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में सडक पर कहीं भी निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्टद्द नहीं दिखना चाहिए। इसके लिए सभी कनिष्ठद्द अभियंता व सहायक अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में दौरा करें। अगर किसी ऐसा अपशिष्टद्द दिखाई दे, तो सम्बंधित व्यक्ति का चालान किया जाए। अतिरिक्त निगमायुक्त ने शहरवासियों तथा कूड़ा एकत्र करने वाले निजी लोग, कबाड़ी, दुकानदार या रेहड़ी-फड़ी वालों से अपील करते कहा कि कोई भी कूड़े-कर्कट, पॉलीथिन या प्लास्टिक इत्यादि वस्तुओं में आग न लगाए। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मार्केट कमेटी के चेयरमैन को पदभार ग्रहण करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्केट कमेटी छछरौली में हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के बाद शुक्रवार को मार्केट कमेटी कार्यालय, छछरौली अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन कैलाश चंद्र शर्मा और वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल को पदभार ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा और पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी भी उपस्थित रहे।
भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ढोल-



बाजे और शुभचिंतक मंडी स्थित कार्यालय पहुंचे। इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि मार्केट कमेटी में योग्य भाजपा पदाधिकारियों को जगह दी गई है। भाजपा में कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मार्केट कमेटी में इन नियुक्तियों से कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा।
उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है और आगे भी करती रहेगी। मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन इसीलिए बनाए जाते हैं ताकि आढ़ती और किसान के बीच समन्वय बना रहे। उन्होंने बताया कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जो 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीद रहा है। भाजपा सरकार सदा ही किसानों के हित में कार्य करती रही है।
पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी ने कहा कि आज मार्केट कमेटी के नए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने अपना पदभार संभाल लिया है। अब किसानों के सामने आने वाली किसी भी समस्या का समाधान वे सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे अपना कार्य ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे।
किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन कार्य करने वाले को आगे बढ़ाता है।
नवनियुक्त चेयरमैन कैलाश चंद्र शर्मा और वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल ने कहा कि वे अपना कार्य ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे और सरकार की उम्मीद पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी गई यह जिम्मेवारी वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए लगातार प्रयास करेंगे।

# शादी में डांस करते युवक को मारा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के ढाकवाला गुजरान गांव में शादी समारोह के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक रात में डीजे पर डांस कर रहा था, तभी कुछ युवकों ने बहाने से उसे बुलाया और चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और शव को मॉच्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C./ BNS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **जितेन्द्र मेहता उर्फ जीत**, पुत्रः पुखराज मेहता, **पताः** मकान न. 85, मौसम विहार, दिल्ली, **और भीः** मालियों का मोहल्ला, शिवजी नगर, किशनगढ़, अजमेर, ने **FIR No. 389/25, U/S 316(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः** मॉडल टाउन, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र मेहता उर्फ जीत**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र मेहता उर्फ जीत**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 389/25, U/S 316(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः** मॉडल टाउन, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र मेहता उर्फ जीत**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
उत्तर जिला, कमरा न. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13695/NW/2025
(Court Matter)

# संपादकीय

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा

**बांग्लादेश** में हाल के वर्षों में हिंसा और अस्थिरता का एक नया रूप उभरकर सामने आया है, जिसकी सबसे स्पष्ट पहचान इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) से होती है। यह संगठन एक कट्टरवादी समूह तो है ही, अब राजनीतिक सत्ता और सामाजिक नियंत्रण का उपकरण बन चुका है। यूनुस प्रशासन के इशारे पर इसका गठन और प्रशिक्षण किया जा रहा है। वरिष्ठ सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुयान ने स्वीकार किया है कि लगभग 8,850 युवाओं को सात शिविरों में हथियार, ताइक्वांडो और सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और जमात-ए-इस्लामी का समर्थन प्राप्त है। इसका उद्देश्य केवल (इस्लाम) मजहबी जागरूकता नहीं, बल्कि हिंसा, भय और गैर-मुस्लिमों पर राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना है। आईआरए के उदय से स्पष्ट होता है कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में इस्लामिक मजहबी कट्टरता और आतंकवाद का संभावित केंद्र बनता जा रहा है। इसका निशाना विशेषकर हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय हैं। जिसकी पुष्टि हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की जुलाई 2025 की रिपोर्ट करती है।

इसके अनुसार पिछले 11 महीनों में लगभग 2,442 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ हुईं, जिनमें मंदिरों को जलाना, घरों को लूटना और महिलाओं पर यौन हिंसा शामिल है। अगस्त 2024 के पहले दो हफ्तों में सत्ता परिवर्तन के दौरान पुलिस निष्क्रिय रही और भीड़ बेखौफ हुई, जिससे हमलों की संख्या चरम पर पहुंच गई। मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि हिंसा का सबसे बड़ा शिकार महिलाएँ और बच्चे हैं। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में यौन हिंसा के 342 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 87 प्रतिशत पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियाँ थीं। यह सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि संगठित प्रयास है, जो गैर-मुस्लिम समुदायों में भय पैदा कर उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रहा है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी स्वीकार किया है कि हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं, मंदिरों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है, और धार्मिक स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। यहां ये तथ्य भी गौर करने योग्य है कि 1951 में बांग्लादेश में हिंदू आबादी लगभग 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर केवल 7.95 प्रतिशत रह गई है। बौद्ध और ईसाई क्रमशः 0.6 और 0.3 प्रतिशत पर सिमट गए हैं। इसके विपरीत, भारत में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ी और उन्हें समान नागरिक अधिकार और सामाजिक-आर्थिक अवसर मिले। यह स्पष्ट करता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को व्यवस्थित रूप से दबाया गया है और आईआरए जैसी कट्टरवादी संरचनाएँ इसका नेतृत्व कर रही हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# ये नए दौर का समाज है जरा फासले से मिला करो



**मनोज कुमार अग्रवाल**

> इसी 30 जुलाई को दिल्ली के नरेला इलाके में एक 10 वर्षीय लड़के की उसके पिता ने हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि दिन में पहले नरेला पुलिस स्टेशन में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके गले पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे. ओडिशा के बलांगीर जिले में 29 जून को 12 साल के लापता बच्चे के रहस्य को सुलझा लिया है। बच्चे की हत्या उसके 17 साल के बड़े भाई ने ही की थी। आरोपी लड़के ने अपने छोटे भाई का शव घर के पास ही दफन कर दिया

**हाल** ही में हरियाणा के पंचकूला में पंजाब के पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी. लेकिन अब मामले में बड़ा खुलासा हुआ है और मनसा देवी कॉपलेक्स थाने में अकील अख्तर की हत्या का मामला दर्ज हुआ है. इस हत्याकांड में पिता मोहम्मद मुस्तफा, मां रजिया सुल्ताना, पत्नी, बहू और बेटी को आरोपी बनाया गया है.अहम बात है कि इस मामले में पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी बहू के अवैध संबंधों का दावा किया गया है. खुद अकील अख्तर ने अपने पिता और पत्नी के अवैध संबंधों का जिक्र एक वीडियो में किया था. क्या इंसानी रिश्ते अब बेहद स्वार्थ भरे लालच योन लोलुपता सेक्स और संपत्ति के आकर्षण में अंधे दौर से गुजर रहे हैं इनमें पिता पुत्र की हत्या कर रहा है विवाहिता अवैध संबंधों के चलते कोख से पैदा बच्चे पति तक के खून से हाथ रंग रहीं हैं यह कैसा दौर है जिसमें इंसानियत के नाते रिश्ते खत्म हो कर बर्बरता और खूंरेजी की ओर बढ़ रहे हैं। आपको कुछ वारदातों के जरिए माहौल से वाकिफ कराने की कोशिश करते हैं। 20 अक्टूबर को तेलंगाना के मंचेरियल जिले में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पति ने अपनी पत्नी को पुल से नीचे धक्का देकर उसकी हत्या कर दी उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था।

दो दिन पहले ही हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक नाबालिग बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना लाडवा थाना क्षेत्र के किरमच गांव की है. मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है, जो तलाकशुदा थी और अपने घर में अकेली रह रही थी. बेटे को मां का चाल चलन पसंद नहीं था। पड़ोसी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की. हाल ही में महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक मां को अपने ही सात वर्षीय बेटे की हत्या और दस वर्षीय बेटी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला की पहचान पल्लवी धुमडे (40) के रूप में हुई है।



अकील अख्तर मृतक बेटा | रजिया सुल्ताना मां,पूर्व मंत्री | मो.मुस्तफा पिता, पूर्व डीजीपी

जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने बताया कि मृतक बच्चे का नाम चिन्मय धुमडे है। घटना के समय उसने अपनी मां से खाने में चिकन की मांग की थी। इसी बात पर गुस्से में आकर पल्लवी ने रोटी बनाने वाले बेलन से बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यही नहीं, उसने अपनी दस वर्षीय बेटी पर भी बेलन से हमला किया। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई है और फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बीते दिनों राजस्थान के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। यहां एक युवक ने पत्नी से प्रेम संबंधों के शक में अपने ही रिश्तेदार युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं 16 सितंबर राजस्थान के चूरू जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक देवर ने अपनी भाभी की बेरहमी से हत्या कर दी. आरोपी देवर हितेश पारीक अपनी भाभी पूनम पारीक पर गलत नजर रखता था और उनके विरोध करने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया. मई माह में सोनम रघुवंशी ने शादी के 13 दिन बाद ही अपने पति की हत्या करवा दी और अब 28 दिन बाद उसकी गिरफ्तारी हुई है. इनकी शादी 11 मई को हुई थी और 8 दिन बाद 20 मई को हनीमून मनाने मेघालय के शिलांग गए थे. इसके बाद सोनम और राजा के गायब होने की खबर आई थी.

31 अगस्त को दिल्ली के रोहिणी में एक शख्स को अपनी पत्नी और सास की बेरहमी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अपने बेटे के जन्मदिन के दौरान परिवार के दो पक्षों के बीच हुए गिफ्ट एक्सचेंज को लेकर हुए विवाद के बाद शख्स ने अपनी पत्नी और सास की हत्या कर दी।

बीती 12 अगस्त हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में धर्मशाला से सटे सुधेड़ में हुई व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे का पता लगा लिया है। नाबालिग बेटे ने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्याकांड में मृतक के नाबालिग बेटे को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस टीम धर्मशाला ला रही है।

आरोपित मां से अलग पिता के साथ रहता था। पुलिस हर पहलू को जोड़ते हुए जांच कर रही है 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर 10 वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मामले में महिला, उसके प्रेमी फैजान और उसके साथी राशिद को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात एक मुठभेड़ के बाद फैजान को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उसके पैर में गोली लगी है।

इसी 30 जुलाई को दिल्ली के नरेला इलाके में एक 10 वर्षीय लड़के की उसके पिता ने हत्या कर दी. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि दिन में पहले नरेला पुलिस स्टेशन में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसके गले पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे.

ओडिशा के बलांगीर जिले में 29 जून को 12 साल के लापता बच्चे के रहस्य को सुलझा लिया है। बच्चे की हत्या उसके 17 साल के बड़े भाई ने ही की थी। आरोपी लड़के ने अपने छोटे भाई का शव घर के पास ही दफन कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने छोटे भाई का यौन उत्पीड़न करता था। आरोपी पोर्न देखने का आदी है।

पुलिस ने बताया कि माता-पिता को बड़े बेटे की करतूत के बारे में पता था और उन्होंने उसे छोटे बेटे से दूर रखने की कोशिश भी की थी। बलांगीर के एसपी अबिलाश जी ने बताया कि आरोपी ने कबूल किया है कि वह अपने छोटे भाई का शारीरिक उत्पीड़न करता था।

31 मार्च को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक पति ने बीमार बेटे के लिए दवा लाने की बात पर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

13 मार्च को ऐसा भी मामला सामने आया जिस मां ने 9 महीने तक बच्चे को पेट में पाला, उसी मां ने पैदा होते ही अपने बच्चे की हत्या कर दी. ये सुनने में हैरान कर देने वाला है, लेकिन ऐसा ही कुछ अमेरिका के साउथ कैरोलिना में हुआ है. दरअसल, अमेरिका की एक महिला पर आरोप है कि उसने अपने बच्चे को जन्म देने के कुछ देर बाद ही मार दिया. इतना ही नहीं, कथित तौर पर महिला ने बच्चे की हत्या की और उसे प्लास्टिक के बैग में पैक कर दिया और दूसरे कमरे में बच्चे के शव को फेंक दिया.

12 मई को असम के गुवाहाटी में बसिस्ता पुलिस ने एक महिला और उसके प्रेमी को अपने बेटे की जघन्य हत्या मामले में गिरफ्तार किया है. उसका क्षत-विक्षत शव रविवार को गुवाहाटी में वन विभाग कार्यालय के पास एक सूटकेस में भरा हुआ मिला. मृतक की पहचान मृण्मय बर्मन (10) के रूप में हुई है, जो नवोदय जातीय विद्यालय का 5वीं कक्षा का छात्र था।

# बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**हमारे स**माज में बच्चों का बचपन उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उनका खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में पनपना ही उनका अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे शहरों और बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं, और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखाकर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है, और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं। भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24७७ बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं।

एनजीओ और सामाजिक संगठन भी सक्रिय रूप से बच्चों को शोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि कई बार बच्चे और उनके माता-पिता कानूनी संरचना से अनजान रहते हैं, और शोषण नेटवर्क इतने संगठित होते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। सरकार और समाज को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलानी होगी और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना होगा।

# विचार

## बिहार का विकास जात पात के दलदल से मुक्त होने पर ही संभव

**अरविंद रावल**

**इस** समय देश भर की सारी निगाहे बिहार मे होने वाले विधानसभा पर टिकी हुई हे ! बिहार देश का वह राज्य हे जिसका कभी स्वर्ण युग भी था ! आज भी जब भी कभी भारतीय राजाओ का बखान होता हे तो बिहार के मगध, गुप्त ओर मौर्य वंश के प्रतापी राजाओं का ही सबसे पहले नाम लिया जाता हे ! शिक्षा के क्षेत्र मे भी देश मे कही नाम लिया जाता हे तो बिहार के नालंदा ओर तक्षशिला की तपोभूमि का ही उल्लेख सबसे पहले आता हे ! बिहार देश का एक ऐसा राज्य था जो अतीत मे समृद्धशाली वेभवशाली ओर प्राचीन संपदाओ से युक्त राज्य था ओर बिहार कि भूमि भगवान बुद्ध के ज्ञान ओर भगवान महावीर की जन्मभूमि होने से वेसे ही पवित्र पावन धरा मानी गई हे लेकिन देश कि आजादी के बाद से बिहार का जिस हिसाब से विकास होना था ओर देश के विकसित अग्रणी राज्यों कि जमात मे शामिल होना था उस हिसाब से बिहार का विकास करने कि बजाय बिहार के कुछ कतिपय सत्ता स्वार्थी नेताओ ने बिहार मे जातपात ओर ऊच नीच कि राजनीति कर बिहार को देश के सबसे पिछड़े राज्यों कि जमात मे शामिल कर दिया था ! बिहार राज्य को जातपात की राजनीति मे बाटकर उसका विकास अवरुद्ध कर बिहार के दामन के पर राजनीति गुंडागर्दी, हत्याए, अपहरण, डकेती, फिरोती ओर बढ़ते अपराधों ने गोतम बुद्ध ओर महावीर स्वामी की इस शांत धरा को अशांत कर दिया हे ! बिहार मे राजनीतिक सत्ता पाकर जीतने बड़े चर्चित घोटाले जिन सरकारों मे हुए ओर उन राज्य सरकारों के प्रमुखों को देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा अपराधी घोषित किया जा चुका हो वही नेता आज जब विधानसभा के हूनए वाले चुनावों मे अपने लिए वोट मांगते नजर आते हे ओर सत्ता मे आने का दावा करते हे तो बेशक बिहार के भाग्य पर तरस आता हे ! बिहार की इस हालत के लिए देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल खुद जिम्मेदार हे जिन्होंने सत्ता के लिए राजनीतिक समझोते क्षत्रिय दलों से किए हुए हे ! काग्रेस जो देश कि सबसे पुरानी ओए सबसे बड़ी देश कि राजनीतिक पार्टी हे जिसकी बिहार राज्य मे कभी अपने अकेले के दम पर राज्य सरकारे हुआ करती थी वही काग्रेस कि हालत आज बिहार मे इतनी खराब हो चुकी हे की बिना राजद लालू के सहारे काग्रेस को आज बिहार मे अपने बूते दर्जन भर भी सीट लाने कि उम्मीद नहीं लगती हे ! देश के दूसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा जो कि अपने बूते बिहार मे सबसे ज्यादा सीट जीतने का माद्दा तो रखती हे लेकिन फिर भी बिना नीतीश या क्षत्रिय दलों के नेताओ के अपने बूते अकेले सरकार बनाने की बात नहीं कर रही हे जिससे बिहार के मतदाता को तीसरे विकल्प के रूप मे कोई नहीं होने से मजबूरी वश दोनों ओर से बने गठबंधनों के दलों मे से ही किसी को चुनना हर बार कि तरह मजबूरी बन गया हे ! बिहार मे आज क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियां जात पात ओर धर्म की राजनीति बैसाखी के सहारे इतनी मजबूत हो चुकी हे कि कोई भी देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बिहार के चुनाव मे अकेले उतरने की हिमाकत नहीं कर पा रहा हे ! देश के सबसे बड़े राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओ द्वारा हर बार बिहार मे अकेले चुनाव लड़ने कि वकालात पार्टी सुप्रीमो से कि गई हे किन्तु आम कार्यकर्ताओ की बात पार्टी के सुप्रीमो द्वारा नकारी ही जाती रही हे जिसका परिणाम यह हुआ कि काग्रेस जेसी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बिहार मे अपना जनाधार खोती गई ओर आज खुद हालत क्या हे यह सब देख ही रहे हैं। बिहार का यदि देश कि सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां भाजपा हो काग्रेस या कोई अन्य दल यदि वास्तविक धरातल पर अंतिम बिहारी तक का विकास करना चाहते हे तो क्षेत्रीय दलों से मुक्त होकर अकेले मेदान मे उतरना होगा या फिर उनकी नहीं अपनी शर्तों पर क्षेत्रीय दलों को साथ रखकर सारे सूत्र खुद अपने हाथों मे रखकर चुनावी समर मे कुदना होगा तभी बिहार का जनमानस बदलाव का कोई मूड बनाता नजर भी आएगा ! आज बिहार की जनता लालू यादव हो या तेजस्वी या फिर नीतीश कुमार ही क्यू न हो वह इन चेहरों को अब फिर से मुख्यमंत्री देखना ही नहीं चाहती हे ! बिहार कि जनता भी पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश कि तरह योगी आदित्यनाथ जेसा मुख्यमंत्री चाहिए जो जनता के मर्म को समझ सके ओर उसके अनुरूप कार्य कर सके! बिहार की जनता ओर युवा पीढ़ी जात पात ओर ऊच नीच के दलदल से मुक्त होकर अपना विकास देखना चाहती हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## अंगदान के लिए प्रेरित करने की सराहनीय पहल

**राजेश माहेश्वरी**

**भारत** में अंगदान की कमी एक गंभीर समस्या है, जहां अंगों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। ऑर्गन रिसीविंग एंड गिविंग अवेयरनेस नेटवर्क (ऑर्गन) इंडिया के मुताबिक, हर साल भारत में करीब पांच लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की जरूरत होती है लेकिन इसमें से सिर्फ दो-तीन फीसदी मांग ही पूरी हो पाती है। वहीं, अंगों के काम करना बंद करने की वजह से बहुत से लोगों की मौत हो जाती है। ऑर्गन इंडिया के मुताबिक, भारत में औसतन हर दस लाख लोगों में से करीब एक व्यक्ति ही अंगदान करता है। वहीं, अमेरिका में औसतन हर दस लाख लोगों में से 32 लोग और स्पेन में करीब 47 लोग अंगदान करते हैं। ऑर्गन इंडिया के मुताबिक, भारत में हर साल दो लाख कॉर्निया की जरूरत होती है लेकिन करीब 50 हजार कॉर्निया ही दान किए जाते हैं। कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन का इंतजार करने वाले 75 फीसदी लोग दृष्टि बाधित ही रह जाते हैं। यही वजह है कि जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों मरीज अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में मर जाते हैं। वहीं कई अन्य लोग अंग प्रत्यारोपण न हो पाने के कारण जीवन पर्यंत विकलांगता का जीवन जीने को अभिशप्त रहते हैं। नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाईजेशन (एनओटीटीओ) भारत सरकार के तहत काम करने वाला संगठन है। इसके मुताबिक, भारत में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के तहत होती है। एनओटीटीओ की साल 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2013 में भारत में करीब पांच हजार अंग प्रत्यारोपण हुए थे और साल 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 18 हजार से ज्यादा हो गई। हालांकि, भारत जैसे बड़े देश के लिए यह संख्या बेहद कम है। आंकड़ों के मुताबिक, साल 2023 में 15 हजार से ज्यादा जीवित लोगों ने अंगदान किया था। इनमें महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा थी। वहीं, करीब 1,100 मृतकों के भी अंग दान किए गए थे।

## छठ पूजाः संस्कृति से विज्ञान तक

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

**छठ** पूजा भारत की जीवंत लोक संस्कृति का वह पर्व है जो आस्था, प्रकृति और विज्ञान को एक सूत्र में बाँध देता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय जीवन-दर्शन, पर्यावरणीय चेतना और वैज्ञानिक सोच का भी प्रतीक है। भारत की मिट्टी में रचे-बसे लोक जीवन में छठ पूजा को सूर्य उपासना और मातृशक्ति की आराधना के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में यह पर्व लोक संस्कृति का अभिन्न अंग है। गाँव की गलियों से लेकर नगरों के घाटों तक, हर जगह काँची ह ओ काँची रे छठी मईया और केतकी के फूलवा सुगंध फैले रे जैसे लोकगीतों की गूँज इस पर्व को लोक भावना से जोड़ देती है। छठ पूजा का आरंभ वैदिक परंपरा से हुआ माना जाता है। सूयोर्पासना का उल्लेख वेदों में बार-बार मिलता है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य की आराधना ही मुख्य विषय है-ॐ भू र्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात। यह मंत्र सूर्य की उस ऊर्जा का स्मरण कराता है जो संपूर्ण सृष्टि को जीवन देती है। वेदों में सूर्य को सविता कहा गया है, जो जीवन और चेतना का स्रोत है। इसी सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और प्रकृति से संतुलन स्थापित करने के लिए छठ पूजा का विधान बना। पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है कि पांडवों के वनवास के दौरान द्रौपदी ने छठ व्रत रखकर संकट से मुक्ति पाई थी, वहीं रामायण में भगवान राम और माता सीता द्वारा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को सूर्य की उपासना का उल्लेख मिलता है। इन कथाओं ने इस पर्व को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक आधार भी प्रदान किया। छठ पूजा की सांस्कृतिक महत्ता इसकी लोकधुनों और सामूहिकता में प्रकट होती है। घाटों पर गूँजते लोकगीतों में मातृत्व, भक्ति और प्रकृति के प्रति प्रेम की भावनाएँ अभिव्यक्त होती हैं। महिलाएँ छठी मईया तोहर महिमा अपार और उग हे सूरज देव भइनी के नहाइल बानी घाटे जैसे गीत गाते हुए सूर्य और छठी मइया का आवाहन करती हैं। यह लोकसंगीत गाँवों की धूल, जल और जन के साथ गूँथी हुई आत्मा की आवाज है।

## न्यूज फ्लैश

### फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध : डीडीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** धान व अन्य फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने और जनहित को ध्यान में रखते हुए जिलाधीश द्वारा बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाई हुई है। इसके बावजूद भी यदि कोई फसल अवशेष में आग लगाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ बीएनएसएस 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

डीडीए वजीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में धान सहित अन्य फसलों की कटाई का कार्य चला हुआ है। इन फसलों की कटाई उपरांत कुछ किसान खेतों में बचे हुए फसल अवशेषों में आग लगा देते है, जिस कारण वायु प्रदूषण होता है और वायु प्रदूषण अधिक होने से बीमारियां फैलती है। इसके साथ ही आमजन को सांस लेने में कठिनाई आती है तथा कई बार सडक दुर्घटना भी हो जाती है। इससे पशुओं के चारे की भी कमी हो जाती है और भूमि की ऊपरी सतह जलने के कारण सूक्ष्म जीव मर जाते हैं और इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति भी क्षीण हो जाती है।

उन्होंने बताया कि जिलाधीश द्वारा कृषि विभाग की सूचना के आधार पर बीएनएसएस 2023 की धारा 163 में वर्णित प्रद्धत शक्तियों के अंतर्गत तुरंत प्रभाव से जिला में फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इन आदेशों की सम्बन्धित विभाग के अधिकारी पालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई भी व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करते हुए दोषी पाया जाता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ बीएनएसएस 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पुलिस शहीदी दिवस सप्ताह के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर, अमर शहीदों की शहादत को किया नमन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीदी दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अमर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजली दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांव झट्टीपुर स्थित सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों की वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

### सिफी इनफिनिट ने 3700 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए आवेदन किया

**नोएडा।** 1लैटिस और सीएंडडब्ल्यू रिपोर्ट के अनुसार, भारत में डाटा सेंटर कोलोकेशन सेवाओं के अग्रणी प्रदाताओं में से एक, सिफी इनफिनिट स्पेसेस लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 तक निर्मित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षमता के संदर्भ में, बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में कुल रु2,500 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और विक्रय शेयरधारकों झ कोटक डाटा सेंटर फंड (रु643 करोड़) और कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड (रु557 करोड़) द्वारा कुल 1,200 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। बीआरएलएम के परामर्श से, सिफी इन्फिनिट स्पेसेस, कंपनी रजिस्ट्रार के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने से पहले, लागू कानून के तहत अनुमत, रु500 करोड़ तक की निर्दिष्ट प्रतिभूतियों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा किया जाता है, तो ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट से जुटाई गई राशि नए निर्गम के आकार से कम कर दी जाएगी।

# पराली जलाना पर्यावरण और खेती भूमि दोनों के लिए नुकसानदायक है: डीसी

**जागरूकता**

**- डीसी साहिल गुप्ता ने झंडी दिखाकर जागरूकता फ्लैग मार्च को किया रवाना**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, (वंदना शर्मा)**

भिवानी, २४ अक्तूबर। डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि पराली जलाना न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि खेत के लिए भी भारी नुकसानदायक है। किसान किसी भी कीमत पर पराली ना जलाएं। पराली न जलाकर जीरो बर्निंग श्रेणी में जाने वाले गांवों में विकास कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही किसान को पराली प्रबंधन को लेकर प्रोत्साहन दिया जाएगा।

डीसी श्री गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर से पराली नहीं जलाने को लेकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में जागरूकता फ्लैग मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान अपना संदेश दे रहे थे।

इस दौरान भिवानी उपमंडल के नोडल अधिकारी एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि पराली जलाने की निगरानी की जा रही है, जिसके लिए गांव, खंड, उपमंडल और जिला स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। जागरूकता टीमों द्वारा नागरिकों को पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पराली जलाते ही हरसक से सेटेलाइट के माध्यम से लोकेशन आएगी और लोकेशन आते ही प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से पराली नहीं जलाने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर इस मौके पर मौजूद कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद कुमार फौगाट ने बताया कि भिवानी जिला में ७० हजार एकड़ से अधिक धान की बिजाई की गई है। हर गांव में किसानों को जागरूक करने के लिए निगरानी कमेटी व नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पराली जलाने पर पांच हजार से तीस हजार का जुमार्ना लगाया जाता है। इसके साथ ही उसको ब्लैक लिस्ट करने का प्रावधान है, जिससे पराली जलाने वाला सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले सकता है।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर 2 डंपरों को इंपाउंड किया



**तोशाम, (वंदना शर्मा)**

**तोशाम** -मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व आरटीए विभाग व खनन विभाग टीम ने सयुंक्त रूप ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर 2 डंपरों को इंपाउंड किया व 2 के ऑनलाइन चालान किए। टीम ने चारों पर 2 लाख 26 हजार रुपये का जुमार्ना किया। आरटीए विभाग के निरीक्षक रामनिवास ने बताया कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, आरटीए विभाग व खनन विभाग ने सयुंक्त रूप ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीबन एक दर्जन डंपरों को चैक किया। जिसमें से 4 ओवरलोड डंपर मिले। इनमें से 2 ओवरलोड डंपरों के ऑनलाइन चालान किए व दो डंपरों को इंपाउंड कर रोडवेज के वर्कशॉप में खड़ा किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। टीम में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता से राजबीर सिंह, आरटीए विभाग से निरीक्षक रामनिवास, व उपनिरीक्षक ईश्वरसिंह , खनन विभाग के निरीक्षक हितेश अपनी टीम सहित मौजूद थे।

## एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे आरोपी की तलाश जारी : डीएसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह पुनहाना (लियाकत अली ):**

सीआईए तावडू की टीम ने पुनहाना खंड के नई गांव के हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तकरीबन 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। जिसकी मार्केट वैल्यू लगभग 7 - 8 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। जितेंद्र राणा डीएसपी पुनहाना ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की नई गांव के रहने वाले हामिद पुत्र अयूब के बारे में सीआईए तावडू की टीम को सूचना मिली कि वह नशा तस्कर है और नशा लेकर जाने वाला है।

## हर पात्र महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलना चाहिए: डीसी

**समीक्षा बैठक**

**-साहिल गुप्ता ने की दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा**



**भिवानी,( वंदना शर्मा)**

भिवानी, 24 अक्टूबर। डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीसी ने जिला परिषद, कल्याण विभाग व समाज कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिला दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए।

उपायुक्त श्री गुप्ता ने मौजूद क्रीड विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे सीपीएलओ और ग्राम सचिव को ट्रेनिंग दें ताकि गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा सके, और जिसमें ज्यादा से ज्यादा पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करवाया जा सके। उन्होंने नगर परिषद को भी निर्देश दिए कि वे शहर में सभी वार्ड में कैंप लगाकर पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करें। दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि योग्य व जरूरतमंद आवेदकों को योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में क्रीड के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला भिवानी में करीब एक लाख 723 ऐसी महिलाएं हैं, जिनकी आय एक लाख रुपए से कम है, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की श्रेणी में आती हैं। अब तक 40152 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 40051 की मुख्यालय पर क्रीड द्वारा जांच की जा चुकी है, जिसमें से 18740 योग्य मिले हैं।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार, ईओ एमसी राजाराम बीडीपीओ सोमबीर कादयान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 1 लाख 10 हजार 553 पात्र महिलाओं को मिलेगा लाभ:उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 1 नवंबर को हरियाणा दिवस से पात्र महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह मिलना शुरू हो जायेंगे। योजना के तहत जिला की लगभग 1 लाख 10 हजार 553 पात्र महिलाओं को लाभ मिलेगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है और जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिला की कोई भी पात्र महिला इस लाभ से वंचित न रहे।

डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों से पात्र महिलाओं के आवेदनों की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की और आवेदनों की संख्या बढ़ाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि इसके लिए महिलाओं को पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक किया जाए। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की अगले दो दिनों में विशेष कैंप लगाए जाएं।

## संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता आज भी बरकरार: रणदीप आर्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस मनाया गयो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुओ कार्यक्रम को उप प्रधान ओम दत्त आर्य कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य उप प्राचार्य जगदीश आर्य योग शिक्षक प्रवीण आर्य ने भी संबोधित किया इस अवसर पर ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद प्रकाश वीर शास्त्री, स्वामी स्वतंत्रतानंद और आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद कियो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि यूं तो विश्व में प्राचीन काल से ही पंचायत का किसी न किसी रूप में अस्तित्व कायम रहा है और विश्व स्तरीय समस्याओं का समाधान करने और सारे विश्व को एक परिवार के रूप में मानकर विकसित करने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई थी तब से अब तक संयुक्त राष्ट्र जहां सभी देशों में शांति के लिए कार्य करता आ रहा है वहीं विश्व स्तरीय समस्याओं का समाधान भी करने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहा है उन्होंने कहा कि वेदों में भी सारे विश्व को एक परिवार माना गया है यही कारण है कि भारत विश्व के सभी देशों को आपातकाल में भरपूर सहयोग देता है` उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर प्रभावी हुआ थो तभी से 24 अक्टूबर को विश्व संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस मनाया जाता है` उन्होंने कहा कि आज हम केवल भारत के नागरिक ही नहीं हैं बल्कि विश्व के नागरिक हैं` हमारी चुनौतियाँ ही साझा हैं और हमारे समाधान ही साझा हैं` ऐसे दौर में संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है` आज जब विश्व जलवायु संकट तकनीकी उथल-पुथल, आर्थिक असमानता और राजनैतिक जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है।

## बरसात से मकानों को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन का कार्य जल्द पूर्ण कर भिजवाए रिपोर्ट: एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी( दिनकर गावड़ी):झ**

एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बरसात के कारण मकानों को हुए नुकसान को लेकर प्राप्त आवेदनों के अनुसार चल रहे वेरिफिकेशन के कार्य को तेजी से पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

एसडीएम राजेश खोथ शुक्रवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में विकास एवं पंचायत, राजस्व तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उक्त निर्देश देते हुए बरसात के कारण मकानों को हुए नुकसान को लेकर प्राप्त आवेदनों की ग्राम वाइज एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों के अनुसार वेरिफिकेशन का ज्यादातर कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो कार्य शेष है उसे आगामी दो से तीन दिनों के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करें और रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में भरकर भिजवाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी एवं लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

## ठेकेदारों को वाहन पार्किंग लिए सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

नेशनल हाईवे 44 की पार्किंग की वर्ष भर के लिए बोली जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर जिला सचिवालय के द्वितीय तल स्थित सभागार में अधिकारियों की उपस्थिति में संपन हुई। पार्किंग की 1 साल के ठेके के लिए बोली देने को जिले भर से 12 बोली दाताओं ने भाग लिया व उमंग तथा उत्साह के साथ सभी शर्तों को ध्यान में रखते हुए बोली लगाई। बोली की शुरूआत करने से पहले जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने बोली दाताओं के सामने बोली से जुड़ी कुछ शर्ते रखी जिनके पालन न करने पर 1 साल के ठेके को रद्द करने के निर्देश दिए गए।

## नशा-मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाकर किया जाएगा जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान के 5वें वर्ष के दौरान नवम्बर माह में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि नशे जैसी बुराई को समूल नष्ट किया जा सके। एसडीएम शुक्रवार को अपने कार्यालय में उक्त अभियान के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों को सफलता पूर्वक आयोजन करवाए और उन सभी की फोटो नशा.मुक्त भारत अभियान एप पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करे। इसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को सभी गतिविधियों की फोटो भिजवाई जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान शिक्षण संस्थाओं के बच्चों के नारा लेखन, रंगोली, चित्रकारी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाए। इसके अलावा प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल व कॉलेज के बच्चों सहित आम लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाए। इतना ही नही सभी अधिकारी स्वयं भी शपथ ले तथा अपने स्टाफ को शपथ दिलाए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से ऑनलाइन शपथ लेने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। जैसे ही क्यूआर कोड स्कैन करेगे उस पर शपथ लेने के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की इस क्यूआर कोड को अपने.अपने कार्यालय, पंचायत घरों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नशा.मुक्त भारत बनाने की शपथ ले सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की सभाओं में भी नशा.मुक्त भारत अभियान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाए और शपथ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान का प्रचार तंत्र के सभी प्लेटफार्म पर प्रचार प्रसार करवाया जाए।

## चेयरमैन अपने टीम के साथ ऐसा काम करो कि लाडवा मंडी में समस्या ना बचे: सुमन सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 24 अक्टूबर (विजय कौशिक)**

हरियाणा राज्य बाल विकास कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा नियुक्त किए गए मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला अपनी सदस्यों की टीम के साथ ऐसा काम करो कि लाडवा अनाज मंडी में कोई समस्या ना बची रही। ये टीम समस्याओं को खत्म करने की महत्वपूर्ण कड़ी हो। अब सभी कर्मठ और जागरूकता के साथ नई जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। आप सभी ने सरकार के साथ आढ़तियों व किसानों के बीच की कड़ी का काम करना है।

उपाध्यक्ष सुमन सैनी शुक्रवार को मार्केट कमेटी परिसर में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में बोल रही थी। उपाध्यक्ष सुमन सैनी का कार्यक्रम में पहुंचने पर मार्केट कमेटी सचिव संतलाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी को चेयरमैन डा.गणेश दत्त शर्मा, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता और अनाज मंडी प्रधान राजीव आर्य ने स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी के साथ चेयरमैन डा. गणेश दत्त, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंगला और सभी चयनित सदस्यों को पदभार ग्रहण करवाया।

उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने लाडवा के किसानों को इस बार पराली ना जलाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के भले के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाकर प्रति साल 6 हजार रुपए दिया जा रहा है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम सूर्य घर योजना का किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों से वादा किया था कि उनकी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। इसी तरह सब्जी और फलों की फसलों के घाटे को पूरा करने के लिए भावांतर भरपाई योजना को लागू किया गया है। अब किसानों द्वारा तैयार किए जाने वाले शहद को भी इस श्रेणी में शामिल कर किसानों को तोहफा दिया है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारी शक्ति के उत्थान के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल लॉन्च किया हुआ है। अधिक से अधिक महिलाएं इस पोर्टल पर आवेदन करें ताकि एक नवंबर को उनके खाते में सरकार की ओर से 2100 भेजे जा सकें।

## फेक इंस्टाग्राम आईडी से नाबालिग बदनाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में असंध थाना के एक गांव में एक नाबालिग बच्ची और उसके परिवार को फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने का मामला सामने आया। आरोप है कि गांव के ही युवक और उसके साथी पिछले कई महीनों से परिवार को जातीय और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

आरोपियों ने बच्ची और उसकी मां की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो बनाए और उन्हें वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एससी.एसटी एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता ने थाना असंध में शिकायत दी कि उनकी नाबालिग बेटी की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर गांव के ही आरोपी साहिल, अंकुर और उनके साथियों ने उसकी और उसकी पत्नी की तस्वीरों से छेड़छाड़ की। इन तस्वीरों को एडिट कर अश्लील वीडियो के साथ जोडकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया।

शिकायत में बताया गया कि इन वीडियोज और फोटोज के कई लिंक सोशल मीडिया पर वायरल किए गए, जिनसे परिवार की समाज में बदनामी हुई। शिकायतकर्ता ने आरोपियों की पोस्ट के दो लिंक पुलिस को दिए और बाकी के स्क्रीनशॉट्स और वीडियो एक सीडी में सबूत के तौर पर संलग्न किए।

शिकायत में बताया कि यह सभी आरोपी एक संगठित गिरोह की तरह काम करते हैं। ये आरोपी स्कूलों में पढ? वाली नाबालिग बच्चियों को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर उनका शारीरिक और मानसिक शोषण करते हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की असली इंस्टाग्राम आईडी भी आरोपियों ने हैक कर ली थी और उस पर भी अश्लील सामग्री डालकर परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार ने इन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात की, तो गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें डरा-धमकाकर चुप रहने को कहा। उन्हें धमकी दी गई कि अगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो श्गांव से बाहर निकाल देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत, एक बच्चा व महिला घायल

रादौर, 24 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) : स्कूटी सवार महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उसके साथ स्कूटी पर सवार एक अन्य महिला व चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए यमुनानगर भिजवाया। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। गांव चमरोड़ी निवासी करीब 50 वर्षीय महिला रीना रानी गांव रादौरी के समीप से गुजर रही थी। उसके साथ स्कूटी पर 38 वर्षीय शोभा व चार वर्षीय उसका दोहता वैदिक भी सवार था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन यहां डाक्टरों ने रीना रानी को मृत घोषित कर दिया। जबकि शोभा व वैदिक की हालत गंभीर होने पर उन्हें यमुनानगर रैफर कर दिया गया।

### जे.एम.आई.टी. कॉलेज में जेस्ट डे 2025 का आयोजन, 19 स्कूलों ने लिया हिस्सा

**रादौर, 24 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** जे.एम.आई.टी. कॉलेज के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग की ओर से जेस्ट डे 2025 का आयोजन किया गया। इस इंटर-स्कूल कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीमवर्क, सहयोग और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में स्कैवेंजर हंट, लेट्स कनेक्ट और लेट्स ट्रांसवर्स जैसे रोमांचक गेम्स आयोजित किए गए, जिन्हें विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और समस्या समाधान की योग्यता को विकसित करने के लिए तैयार किया गया था। प्रत्येक टीम में दस सदस्य शामिल थे। प्रतियोगिता में यमुनानगर, रादौर, अंबाला, कुरुक्षेत्र और लाडवा के 19 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिणामों में इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर ने प्रथम, एम.एल.एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर ने द्वितीय और कैरियर डिफेंस स्कूल अंबाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. एल.एस. रीन, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, अंकुश सिंगला, शबनम भसीन, मोनिका साहनी, निशांत कुमार, हर्षित व अनामिका सोनी उपस्थित रहे।

### ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब ने भारत में लॉन्च किया कोपोजगो

**गुरुग्राम।** ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब (बीएमएस) ने भारत में कोपोजगो (मावाकैमटेन) लॉन्च करने की घोषणा की है। कोपोजगो भारत में स्वीकृत पहला ओरल, सिलेक्टिव कार्डियक मायोसिन इनहिबिटर है, जो वयस्कों में सिम्प्टमेटिक न्यूयॉर्क हार्ट एसोसिएशन क्लास 2-3 ऑब्सट्रक्टिव हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी के इलाज के लिए उपलब्ध है। ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब इंडिया के जनरल मैनेजर और मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा भारत में कोपोजगो के लॉन्च से ओएचसीएम से पीड़ित मरीजों को अब आशाजनक फर्स्ट-इन-क्लास उपचार विकल्प मिला है। यह महत्वपूर्ण खोज उन व्यक्तियों और परिवारों के लिए उम्मीद लेकर आई है, जो इस स्थिति से जूझ रहे हैं। इससे चिकित्सकों को मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक नया विकल्प मिला है। ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब भारत में हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# झांसा में टीबी रोगियों को वितरित की गई पोषाहार किट

## उड़ान संस्था गरीब क्षय रोगियों की सहायता के लिए तत्पर : सुरेंद्र माजरी

**पोषाहार**

**आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों मदद के लिए की सामाजिक संस्थाओं को हाथ बढ़ाना होगा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, 24 अक्टूबर।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोयायटी चेयरमैन विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों को उड़ान जनकल्याण संस्थान की ओर से पोषहार किट वितरित की गई। संस्था के प्रधान एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य सुरेंद्र माजरी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों मदद के लिए की सामाजिक संस्थाओं को हाथ बढ़ाना होगा। उड़ान संस्था जरूरतमंद गरीब क्षय रोगियों की सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है। इसके साथ ही रेडक्रास की ओर से चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में संस्था का पूरा सहयोग रहेगा।

सुरेंद्र माजरी ने शुक्रवार को झांसा स्थित बाबा मारकंडेश्वर मंदिर प्रागंण में टीबी रोगियों को पोषाहार किट वितरित करते हुए आह्वान किया कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। निमयित रूप से दवा का सेवन करने और जागरूकता के साथ टीबी को हराया जा सकता है। माजरी ने क्षय रोगियों को आश्वासन दिया कि आर्थिक तौर पर भी गरीब मरीजों का सहयोग किया जाएगा। उड़ान जनकल्याण संस्थान द्वारा युवाओं को नशा मुक्ति के बारे जागरूक करने के साथ श्मशान घाट की सफाई और रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव सुनील कुमार ने आह्वान किया कि टीबी रोगियों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाएं आगे आएं और क्षय रोगियों को गोद लेने की तत्परता दिखाएं। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव महेश जोशी के निदेर्शानुसार आर्थिक रूप से कमजोर क्षय रोगियों को पोषहार किट वितरित की जा रही है। टीबी को-आर्डिनेटर ने क्षय रोगियों को पोषाहार किट देने पर पूर्व जिप सदस्य सुरेंद्र माजरी का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक संस्थाओं को आह्वान किया कि कोई भी सामाजिक संस्था या फिर ग्राम पंचायत व दानी सज्जन टीबी रोगियों की सहायता के लिए निक्षय मित्र एप पर पंजीकरण करवा सकता है। रेडक्रास की ओर से टीबी रोगियों की पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं साथ ही, आमजन भी जागरूक किया जा रहा है। रेडक्रास वालंटियर द्वारा टीबी के जिन रोगियों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें चिह्नित कर पौष्टिक राशन किट वितरित करवाई जा रही है।

# कुलपति ने समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक

**समीक्षा**

**समारोह में जहां हरियाणवी सांझी कला व हरियाणवी बोली को स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर तक होने वाले रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस बार का समारोह बहुत खास होगा। समारोह में जहां हरियाणवी सांझी कला व हरियाणवी बोली को स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा वहीं सांस्कृतिक दृष्टि से प्रदेशभर के 3500 के करीब युवा कलाकार 6 मंचों पर चार दिन हरियाणवी लोक संस्कृति की धमाल मचाएंगे।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने समारोह के सफल आयोजन को लेकर बनी 14 कमेटियों के संयोजकों व अधिकारियों की शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक ली तथा सभी उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी को स्पष्ट आदेश दिए कि इस बार का रत्नावली समारोह सबसे खास होना चाहिए क्योंकि जहां हरियाणवी लोक संस्कृति का मंचन होगा वहीं हरियाणवी व्यंजनों को परोसने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की झलक भी प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई देगी। यह समारोह युवाओं को स्वावलंबी बनाने की ओर एक सार्थक कदम उठा रहा है।

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, चीफ वॉर्डन प्रो. जसबीर ढांडा तथा महिला चीफ वॉर्डन प्रो. कुसुमलता, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, डिप्टी प्रॉक्टर प्रो. महाबीर रंगा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. आनन्द कुमार अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पराली में आग ना लगाएं किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** एसडीएम अमित कुमार ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने खेतों में फसल कटाई के बाद पराली में आग ना लगाए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है कि फसल के बचे हुए फानों में आग ना लगाकर उनको खेत में ही नष्ट कर दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि पराली का प्रबंधन करने के लिए आज किसानों के सामने विकल्प मौजूद हैं। इस पराली से चारा बन सकता है, पराली के बंडल बन सकते हैं और उसे खेत की मिट्टी में ही मिलाया जा सकता है। इस कार्य में कृषि विभाग से मशीनों की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से प्रदूषण फैलता है, जो कि सेहत के लिए हानिकारक है। खेत में आग लगाने की वजह से भूमि की उपजाऊ शक्ति क्षीण होती है और अनेक जीव उसी में जलकर मर जाते हैं। हरियाणा सरकार ने फसल प्रबंधन के लिए सीआरएम स्कीम लागू की हुई है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। इस योजना में पराली नहीं जलाने वाले किसान को 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

एसडीएम ने बताया कि पराली जलाने वाले के व्यक्ति के खिलाफ 30 हजार रुपए जुमार्ना और 6 महीने तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा उसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# तालमेल बनाने का काम करें मार्केट कमेटी चेयरमैन: सुमन सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मार्केट कमेटी के लिए नियुक्त चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सभी सदस्य अब सरकार और किसान, आढ़ती, व्यापारी के बीच तालमेल बनाने का काम करें। धरातल की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान करवाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए नीतियां बनाकर काम कर रहे हैं। उन योजनाओं का लाभ योग्य व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका को निभाए।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी शुक्रवार को किसान रेस्ट हाउस बाबैन में मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों के पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम में बोल रही थीं। उपाध्यक्ष सुमन सैनी का मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी के साथ मिलकर बाबैन मार्किट कमेटी बाबैन में गांव हमीदपुर निवासी जसविन्द्र जस्सी को चेयरमैन, बाबैन निवासी जगदीश ढींगड़ा को वाईस चेयरमैन पद के पदभार को संभालवाया।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के किसानों व मजदूरों की खेती का कार्य करते समय दुर्घटना की स्थिति में सरकार द्वारा मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत सहायता की जाती है।

उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा के लाडवा विधानसभा के सभी गांवों और शहरी क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल हुए हैं, जब यह विकास कार्य पूरे होंगे तब विधानसभा की कायाकल्प हुई दिखेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी समस्या सुनाने के लिए सरकार द्वारा व्यवस्था की गई है। उस व्यवस्था के माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी समस्या को सरकार तक पहुंचा सकता है।

चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों ने संभाला अपना पदभार बाबैन मार्किट कमेटी बाबैन में गांव हमीदपुर निवासी जसविन्द्र जस्सी ने चेयरमैन, बाबैन निवासी जगदीश ढींगरा ने वाईस चेयरमैन पद के पदभार को संभाला है।

इसी तरह अजीत सिंह, हरदेव सिंह, सतबीर सिंह, नरेंद्र गोजरे कलाल माजरा, विनोद शर्मा, दीपक शर्मा, नरेंद्र सिंह ईशरहेड़ी, नैब सिंह ईशरहेड़ी, देशराज, किरण शर्मा रामपुरा, मांगेराम, जगमाल सैनी, राजबीर प्रजापत, अश्वनी सिंगला, निर्मल सिंह और मांगे राम ने सदस्य पद का पदभार ग्रहण किया।

# 60 विद्यार्थी साहसिक शिविर एवं प्रकृति अध्ययन हेतु पचमढ़ी के लिए हुए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज जिला परियोजना संयोजक इंदु कौशिक व सहायक परियोजना संयोजक राजेश कुमार भारद्वाज ने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं समग्र शिक्षा कार्यालय जिला कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय साहसिक एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर पचमढ़ी (मध्य -प्रदेश) के लिए कुरुक्षेत्र जिले के 12 पीएम श्री विद्यालयों के 60 विद्यार्थी व तीन



एस्कॉर्ट टीचर को जिले के रेलवे स्टेशन से सुबह 5:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। इसी के साथ उनको संबोधित करते हुए मैडम इंदु कौशिक ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का चहुमुखी विकास होता है तथा वें प्रकृति को अच्छी तरह से समझ सकते है ताकि वो प्रकृति को एक

**भ्रमण**

**60 विद्यार्थी व तीन एस्कॉर्ट टीचर को जिले के रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

अध्ययन के रूप मे ग्रहण करें। ऐसे भ्रमणो का आयोजन समग्र शिक्षा कार्यालय व हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद हर वर्ष करता है व बच्चों को नई-नई जगह पर प्रकृति के अध्ययन हेतु भेजता है। वहीं पर इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला परियोजना सहायक राजेश कुमार भारद्वाज ने बच्चों को अच्छी प्रकार से कैंप में रहने के साथ-साथ कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और कहा कि बच्चे इस टूर का भरपूर फायदा उठाएं और कैंप में जिले का नाम अग्रणी रखें। वही जिले की यूथ एंड इको क्लब टीम के सदस्य भी छात्रों की रवानगी के समय मौजूद रहे।

# 3 नवंबर से पेंशन धारक को जमा करवाना होगा अपना जीवन प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जिला खजाना अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार से सेवानिवृत पेंशन धारक अपना जीवन प्रमाण-पत्र 3 नवम्बर 2025 से अपने सम्बन्धित खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय में जमा करवाएं ताकि माह नवम्बर 2025 की पेंशन समय पर वितरित की जा सके । जिला खजाना अधिकारी राजीव शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सभी सेवानिवृत पेंशन धारक जिला खजाना कार्यालय में अपना आधार कार्ड, पीपीओ कॉपी व मोबाईल (आधार से लिंक मोबाइल



नंबर)साथ लेकर आए। इसके अलावा फैमिली पेंशन धारक को जीवन प्रमाण-पत्र के साथ-साथ नॉन मैरिज सर्टिफिकेट भी देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ए से ई नाम वाले पेंशन धारक 3 नवंबर से 10 नवंबर तक, एफ से जे नाम वाले

**आदेश**

**जमा करवाएं ताकि माह नवम्बर 2025 की पेंशन समय पर वितरित की जा सके किया**

पेंशन धारक 11 नवंबर से 15 नवंबर तक, के से ओ नाम वाले पेंशन धारक 17 नवंबर से 20 नवंबर तक तथा पी से जैड नाम वाले पेंशन धारक 21 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जिला खजाना कार्यालय में जमा करवा सकते है।

### बापा से चोरों ने एक किसान के ट्यूबवेल से तार की चोरी, केस दर्ज

**रादौर, 24 अक्तूबर (कुलदीप सैनी)** : गांव बापा से चोरों ने किसान के ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए वहां से केबल की तार चुरा ली। जिससे किसान को हजारों रुपए का नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। रादौर पुलिस को दी शिकायत में गांव बापा निवासी जाकिर हुसैन ने बताया कि उसने नासीर मोहम्मद की भूमि ठेके पर ली हुई है। जहां ट्यूबवैल लगा हुआ है। सुबह के समय जब वह खेत में गया तो उसने देखा कि उसके ट्यूबवैल से अज्ञात व्यक्ति ने करीब 330 फुट केबल की तार चुरा ली है। उसने आसपास छानबीन करने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

# विद्यालय के सभी बच्चों को जूते-जुराबें की वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज गांव कैंथला खुर्द के प्राथमिक व उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए जूते व जुराबें वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन जिसमें छात्रों के प्रति लगाव दिखाते हुए सरदार रणजीत सिंह एनआरआई ने प्राथमिक और उच्च विद्यालय कैंथला खुर्द के सभी बच्चों को जूते जुराबें वितरित की गई। सभी कक्षाओं के प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पांच- पांच सौ रुपए दिए। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने संत कबीर की उन पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि दान दिए धन न घटे कह गए संत कबीर, चिड़िया सोच भर ले गई नदी न



घटियों नीर अर्थात धन का दान करने से वह घटता नहीं बल्कि उसमें बरकत होती है इसलिए सरदार रणजीत सिंह के इस नेक कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए । सरदार रणजीत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा सकारात्मकता के साथ बड़े सपने देखें और खूब मेहनत करें ,माता-पिता एवं गरुजनों की आज्ञा का पालन करें और जो लक्ष्य उन्होंने निर्धारित किया है उस पर पहुंचे बिना रुके नहीं। हमेशा अच्छे कार्य करें,अच्छी आदतें बनाएं ताकि आपकी सभी प्रशंसा कर सकें।

**मदद**

**सभी कक्षाओं के प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पांच-पांच सौ रुपए दिए**

उन्होंने बच्चों को सदैव महापुरुषों की जीवनियां पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। सभी छात्र जरूरत के अनुसार मोबाइल का प्रयोग करें। मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग जीवन के लिए घातक है। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ,सेवा सिंह, गुरदेव सिंह, बलबीर सिंह व दोनों विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# 78वां वार्षिक निरंकारी समागम: आत्ममंथन की ज्योति से आलोकित निरंकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/दिल्ली 24 अक्टूबर (संजय नरवाल)** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ हजारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं; जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है। यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन ह्यआत्ममंथनह्व की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से



संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था, वह अब संतो की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक भव्य शामियानों की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है। यह दिव्य वातावरण प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करता है। समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को

**दिव्यता**

**संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा**

समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दशार्ने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे संचालन, आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी मुंबई के श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वार अपनी कलात्मक भव्यता के साथ समागम की आध्यात्मिक रूपरेखा का प्रतिबिंब बनकर उभरा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि समर्पण, सेवा और सृजनशीलता का सजीव उदाहरण भी है। जैसे-जैसे समागम में श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, वैसे-वैसे यह स्वागत द्वार भी अपने स्वरूप, विस्तार और गरिमा में और अधिक भव्यता धारण करता जा रहा है, मानो यह समस्त मानवता को प्रेम, अपनत्व और समभाव से आमंत्रित करने हेतु तत्पर हो।

# हेलो उज्जीवन ऐप ने नए कर्जदारों को डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के माइक्रोबैंकिंग ग्राहकों के लिए विशेष रूप से समर्पित मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म, हेलो उज्जीवन ऐप ने अपनी शुरूआत के बाद से अब तक 690 करोड़ रुपए से अधिक के वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान की है। यह ऐप मुख्य रूप से समूह तथा व्यक्तिगत ऋण लेने वाले माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए बनाया गया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार डिजिटल बैंकिंग का उपयोग कर रहे हैं और यह वित्तीय बहिष्करण तथा आर्थिक सशक्तिकरण के बीच उल्लेखनीय कड़ी बन गया है। हेलो उज्जीवन ने 13 लाख से अधिक डाउनलोड के साथ, अपने माइक्रोबैंकिंग उपयोगकताओं के बीच गहरी भागीदारी हासिल की है, जिनमें से 98 प्रतिशत महिलाएँ हैं और उपयोगकर्ताओं की औसत आयु 35 वर्ष है।

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में सूक्ष्म बैंकिंग और स्वर्ण ऋण के प्रमुख, विभास चंद्रा ने कहा, हेलो उज्जीवन का सरल डिजाइन, मजबूत सुरक्षा फीचर और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उन्हें आत्मविश्वास के साथ ऐप का उपयोग करने में मदद करती है। हेलो उज्जीवन पर उनका भरोसा डिजिटल बैंकिंग के साथ उनकी बढ़ती सहजता को दशार्ता है और इससे उन्हें अपनी वित्तीय स्थिति पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद मिली है।

# क्षेत्र का विकास प्राथमिकता के साथ-साथ मेरा संकल्प भी है : विधायक योगेन्द्र राणा

**शुभारंभ**

**विधायक योगेन्द्र राणा ने सडकों के निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विधायक योगेन्द्र राणा ने शुक्रवार को क्षेत्र की तीन अत्यंत महत्वपूर्ण सडकों के निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक ने कुल 6 करोड़ 51 लाख 88 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 10.90 किमी लंबी सडक का नारियल फोडकर शुभारम्भ किया। इनमें गांव उपलाना से गऊशाला रोड जिसकी लम्बाई लगभग 1.9 किमी, जिस पर लागत लगभग 99.30 लाख, गंगा टेहड़ी से बाहरी मार्ग जिसकी लम्बाई लगभग 2.71 किमी,जिस पर लागत लगभग 195.42 लाख तथा गंगा टेहड़ी से राजौंद व जुलाना से पिल्लूखेडा तक लगभग 6.21 किलोमीटर लंबी सडक, जिस पर लागत लगभग 357.16 लाख के लगभग आएगी, शामिल हैं।

विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा इन सडकों के निर्माण की मांग लंबे समय से थी और मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि आज इनका शुभारंभ हो चुका है। बेहतर सडकें केवल आवागमन को ही सुगम नहीं बनातीं, बल्कि वे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को भी मजबूत करती हैं। क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करना मेरा संकल्प है और ये परियोजनाएं उसी संकल्प को दशार्ती हैं। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि इन निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाएगा, ताकि जनता को शीघ्रता से इनका लाभ मिल सके। विधायक ने इन सभी परियोजनाओं को मंजूरी देने और सहयोग के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग, सरपंचगण, पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और उन्होंने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

# आनन्दमूर्ति गुरुमाँ की प्रेरणा से निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**निःशुल्क**

**शिविर में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जाँच, स्तन कैंसर जाँच, जैसी सेवाएँ प्रदान की जाएँगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** परम पूज्या आनन्दमूर्ति गुरुमाँ की करुणामयी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में ऋषि चैतन्य आश्रम के सौजन्य से तथा ऐम्स नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन रविवार, 26 अक्तूबर को ऋषि चैतन्य आश्रम, गन्नौर, सोनीपत में आयोजित होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना है। शिविर में महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जाँच, स्तन कैंसर जाँच, सामान्य स्त्री रोग परामर्श, स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम जैसी सेवाएँ निःशुल्क प्रदान की जाएँगी। शिविर में ऐम्स, नई दिल्ली से आई अनुभवी महिला चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी, जो महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान करेगी।

शिविर के माध्यम से महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जाँच की महत्ता समझाने और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
आनन्दमूर्ति गुरुमाँ के स्नेहमयी मार्गदर्शन में ऋषि चैतन्य आश्रम द्वारा समय-समय पर ऐसे अनेक कल्याणकारी आयोजन किए जाते रहे हैं, जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों को निरंतर लाभ मिलता रहा है।
शिविर में क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कादियान भी शिरकत करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### लंबे समय बाद शुरू किया राजलू गढ़ी-भोगीपुर सड़क निर्माण कार्य फिर एक सप्ताह से बंद पड़ा, विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान



**गन्नौर।** राजलू गढ़ी से भोगीपुर गांव के बीच बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य एक बार शुरू करने के बाद दोबारा से बंद कर दिया है। मात्र आधा किलोमीटर की सड़क को पूरा करने में कई महीनों का समय बीत चुका है, लेकिन काम अभी तक पूरा नहीं हुआ। विभाग की सुस्ती और लगातार बहानों से ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री डालकर कई महीने से छोड़ रखी थी। कई महीने बाद विभाग ने अब काम शुरू किया था। लेकिन दोबारा फिर काम को बंद कर दिया है । जिससे ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने बताया कि सड़क पर पड़ी कंक्रीट और मिट्टी के मिश्रण से दिनभर धूल उड़ती रहती है। इससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि वे रोजाना इस रास्ते से गुजरते हैं और धूल के कारण आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत होती है। सड़क का निर्माण करने वाला ठेकेदार पानी का छिड़काव भी नहीं करवाता। जिस कारण वे बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के अधिकारी कई बार आश्वासन दे चुके हैं कि जल्द ही सड़क का कार्य पूरा किया जाएगा, लेकिन काम अधर में लटका देते है। कभी प्रदूषण नियंत्रण विभाग तो सावन माह में बरसात का बहाना बनाकर काम को लेट कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क का काम जल्दी करवाया जाए उसके बाद विभाग सर्दी होने का बहाना बनाकर सड़क पर लेयर नहीं डालेगा । भोगीपुर के निवासी विकास, वीरेंद्र ने बताया कि ह्लसड़क अधूरी पड़ी है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्गों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। अब धूल मिटटी के कारण जीना मुश्किल हो गया है। राजलू गढ़ी के ग्रामीणों ने कहा कि विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह सड़क दोनों गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द ही मौसम के अनुकूल होते ही सड़क पर बिटुमिन्यस लेयर बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग ने शीघ्र कार्य शुरू नहीं किया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस छोटी-सी सड़क को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। विभाग के के नवनीत ने बताया कि सड़क पर लेयर डालने का काम जल्द ही करवा दिया जाएगा ।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण



**नरवाना, २४ अक्तूबर ( राहुल)**
(राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए औषधिय उद्यान में खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद के निर्देशन में कड़ी पत्ता पारिजात तेजपत्ता लहसुन बेल बेल पत्र ग्वारपाठा लालटेनिया सहजन इमली इत्यादि जाति के पौधों का प्रत्यारोपण एवं संरक्षण किया गया। इस अवसर जयपाल सिंह आर्य सहप्राध्यापक रसायन शास्त्र राजकीय महाविद्यालय नरवाना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण का सर्वश्रेष्ठ विधान रहा है। प्रकृति की पवित्रता हेतु पाठशालाओं आश्रम विश्वविद्यालयों गुरुकुल मंदिर धर्मशालाएवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में प्राकृतिक जड़ी-बूटियां औषधीय एवं खाद्यान्न इत्यादि का उत्पादन करने की परंपरा रही है। प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र की वनस्पतियों का जैविक तंत्र पर विशेष प्रभाव होता है। मैदानिक क्षेत्र की जड़ी बूटियां के औषधीय प्रयोग इसी क्षेत्र के मनुष्य एवं जीव जंतुओं के रोगों के उपचार के लिए अधिक लाभदायक एवं स्वास्थ्य वर्धक हैं। आधुनिक जीवन शैली में शारीरिक श्रम के अभाव में मानव समाज तनाव एवं शारीरिक रोगों के साथ मांसपेशियों एवं जोड़ों के दर्द से ग्रस्त हो रहा है।

# दहेज यातना से टूटी पंचायत मेंबर, डेढ़ महीने के बेटे को छोड़ फांसी लगाई

**दहेज उत्पीड़न**

**धनीराम ने बताया कि शादी बेटी पर लगातार गाड़ी और पैसे लाने का दबाव बनाया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गांव नया बांस में दहेज उत्पीड़न से तंग आकर एक नवविवाहिता पंचायत सदस्य ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उसकी शादी को अभी 11 महीने ही हुए था और उसका डेढ माह का बेटा भी था। मृतका के पिता ने खुबड़ू झाल पुलिस चौकी में ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। शिकायत में पानीपत जिले के गांव खोजकीपुर कलां निवासी धनीराम ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय बेटी रवीना गांव खोजकीपुर में पंचायत सदस्य थी। उसकी शादी 18 नवंबर 2024 को गन्नौर के गांव नया बांस निवासी दीपक के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगा। 23 अक्टूबर को दीपक ने डायल पुलिस को सूचना दी कि रवीना कमरे में बंद है। सूचना पर पुलिस चौकी खुबडू झाल से पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो रवीना पंखे पर फांसी से लटकी मिली। आरोप लगाया कि रवीना का पति दीपक, सास लाजवंती, ससुर सुरेश, देवर अमित, ननद पूजा और बुआ का बेटा मीनू उस पर गाड़ी और अन्य सामान लाने का दबाव बनाते थे। गन्नौर थाना पुलिस ने मृतका के पिता धनीराम की शिकायत पर पति दीपक, सास लाजवंती, ससुर सुरेश, देवर अमित, ननद पूजा और बुआ का बेटा मीनू पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।
धनीराम ने बताया कि शादी बेटी पर लगातार गाड़ी और पैसे लाने का दबाव बनाया गया। कई बार उसे भूखा रखा गया और मारा-पीटा गया। उसकी बेटी अक्सर फोन पर रोते हुए उन्हें सारी बात बताती थी। डेढ़ महीने पहले उसने बेटे कनिष्क को जन्म दिया था। रवीना की मौत के बाद बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया।

# लाडो योजना के कार्यों के बारे में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** मुख्यमंत्री हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने चण्डीगढ से आयोजित वीसी के माध्यम से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वित किए जाने के कार्यों बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी मौजूद रहे। वीसी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी सम्बन्धित से विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए कहा कि इस योजना के तहत जो भी लाभार्थी है उसे योजना के अनुरूप फार्म भरवाना सुनिश्चित करें ताकि उसे जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलवाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार की महत्वकांक्षी योजना है और इस योजना के तहत जिस परिवार की वार्षिक आय एक लाख रूपए तक है उसके तहत पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलवाया जाने का प्रावधान है। उन्होने कहा कि जो भी इस कार्य के तहत अभी पैंडसी है उसे दूर करें और सम्बन्धित प्रार्थी को इस योजना का लाभ दिलवाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक

# युवाओं का ध्येय राष्ट्र सेवा, राष्ट्र निर्माण व नागरिक सेवा होना चाहिए- सचिन किशोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः**
**मुख्य** डाक महाप्रबंधक हरियाणा परिमंडल सचिन किशोर ने कहा कि देश की वास्तविक शक्ति तथा सबसे बड़ा संसाधन युवा वर्ग है। युवा वर्ग को यदि सही दिशा एवं अवसर मिल जाए तो देश ओर तीव्र गति से तरक्की की ओर अग्रसर होगा।
यह अभिव्यक्ति उन्होंने सनातन धर्म कालेज अम्बाला छावनी में आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही।
इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने दीपशिखा प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रैंसिग के माध्यम से विभिन्न विभागों में नवनियुक्त हुए अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई दी और अपना शुभ संदेश दिया। जिसे उपस्थित सभी ने देखा व सुना।मुख्य डाक महाप्रबंधक हरियाणा परिमंडल सचिन किशोर ने इस मौके पर विभिन्न विभागों में नियुक्त हुए नवनियुक्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई देते हुए सभी युवाओं को कहा कि चाहे वह किसी भी पद पर हों, कोई भी कार्य कर रहे हों, किसी भी इलाके में हों, उनका ध्येय राष्ट्र सेवा, राष्ट्र निर्माण व नागरिक सेवा होना चाहिए।

# टेक्सटाइल मंत्रालय की सचिव नीलम राव ने सुनी कपास उत्पादक किसानों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, 24 अक्टूबर।**
टेक्सटाइल मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव नीलम शमी राव शुक्रवार को भिवानी पहुंची। उन्होंने गांव बापोड़ा के खेतों में जाकर कपास उत्पादक किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने भिवानी की चारा मंडी, बीटीएम मिल और गांव बापोड़ा में गोयल ऑयल मिल का भी किया दौरा। इस दौरान डीसी साहिल गुप्ता और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे।
सचिव शमीराव ने किसानों से कपास की बिजाई से लेकर उत्पादन की तक की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों से कपास उत्पादन में आने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार से पूछा। किसानों ने शमीराव को बताया कि कपास में गुलाबी सुंडी के प्रकोप से उत्पादन बहुत कम हो रहा है। इसके साथ ही कपास की गुणवत्ता में भारी कमी आ रही है, जिससे भाव आधे रेट पर मिल रहा है। इससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने सचिव शमीराव से कपास का ऐसा बीज तैयार करवाने को कहा कि जिस पर गुलाबी सुंडी का प्रकोप न हो, जिससे फसल पैदावार गुणवत्तायुक्त अच्छी हो।
वहीं दूसरी ओर सचिव भिवानी चारा मंडी पहुंची और वहां पर कपास खरीद की बोली प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बोली प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी ढंग से किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि किसान के साथ धोखा नहीं होना चाहिए।

# किसानों को पराली प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उप कृषि निदेशक जसविन्द्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पराली प्रबंधन को प्रभावी रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष किसानों को 1200 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि का उद्देश्य किसानों को पराली में आग लगाने के स्थान पर सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल पराली प्रबंधन विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।
उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किसानों में जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# वेदांता किड्स के बच्चे जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में छाए

**उत्कृष्ट स्केटिंग**

**वेदांता किड्स के पविद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट स्केटिंग कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया**




**नरवाना, २४ अक्तूबर ( राहुल)**
वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में हर्ष का माहौल तब देखने को मिला जब विद्यालय के नन्हे खिलाडि ़ियों ने जिला स्तरीय अंडर-११ स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए। यह प्रतियोगिता जिले स्तर पर आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वेदांता किड्स के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट स्केटिंग कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया और प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के पाँचवीं कक्षा के रुद्र ने प्रथम स्थान तथा तीसरी कक्षा के आर्यवीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के निदेशक प्रदीप नैन ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कोच सिमरन के योगदान की सराहना की और बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या रश्मि जैन तथा समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलकूद में सक्रिय रूप से भाग लेने की प्रेरणा मिली।

# आस्ट्रेलिया वीजा लगवाने के नाम पर रूपए १७ लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नरवाना, २४ अक्तूबर ( राहुल)**
पुलिस अधीक्षक जीन्द कुलदीप सिंह भापुसे के दिशा-निर्देशन में थाना सदर नरवाना ने वीजा लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी जिगर काडिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । थाना सदर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला २०२४ का है जिसमें शिकायतकर्ता अमित वासी दनौदा खुर्द ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ व्यक्तियों द्वारा ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने के नाम पर उससे करीब सत्रह लाख रुपये की ठगी की गई । शिकायतकर्ता क बताए अनुसार ने उसकी पहचान आरोपी जिगर काडिया वासी अहमदाबाद (गुजरात के साथ अप्रैल २०२३ में हुई थी। आरोपी ने स्वयं को विदेशों के वीजा लगवाने का एजेंट बताते हुए विश्वास दिलाया और अपने दो साथियों करुतिक परमार वासी अहमदाबाद तथा हंसराज राठौड़ वासी गांधीनगर (गुजरात से भी परिचय करवाया । इन तीनों आरोपियों ने आपस में मिलकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग समय पर रुपये और सिंगापुर डॉलर के रूप में लगभग रूपए १७ लाख रुपये की राशि वसूल ली लेकिन वीजा न लगने पर पैसे वापिस मांगे तो पैसे वापिस देने से इंकार कर दिया ।
बाद में शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# स्कूली शिक्षा का स्तर उठाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी का अनूठा प्रयोग

**अनूठा तरीका**

**-स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पहले भी कई प्रयोग कर चुके हैं डीईओ सुधीर कालड़ा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** स्कूलों और शिक्षा कार्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के मन की टोह लेने, उन्हें समाज के प्रति उनका कर्तव्य बोध कराने और उनके द्वारा ड्यूटी को समर्पण भाव से अंजाम दिए जाने के उद्देश्य से अंबाला के जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने एक अनूठा तरीका अपनाया है। वे ज़िले में स्थित सभी स्कूलों और शिक्षा कार्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कार्यों के आधार पर 11 वर्गों में विभाजित कर उनके लिए एक निबंध/आलेख लेखन कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। सभी 11 वर्गों के लिए निबंध के विषय इस प्रकार से लिए गए हैं जिससे सभी अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र के बारे में न केवल अपनी भूमिका और लक्ष्यों को स्थापित कर पाएं बल्कि अपनी चुनौतियों को पहचान कर उनके निवारण के लिए रणनीतियां भी बना पाएं ताकि फिर वे शिक्षा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर सकें। उदाहरण के लिए एक खंड शिक्षा अधिकारी को जहां 'मेरा कार्यालय,सुशासन कार्यालय - एक खंड शिक्षा अधिकारी की चुनौतियां और रणनीतियां ' विषय पर निबंध लिखना होगा वहीं एक खेल शिक्षक को ' स्कूली खेलों में स्वर्णिम अंबाला - एक खेल शिक्षक के रूप में मेरी भूमिका, योगदान और उपलब्धियां ' विषय पर आलेख या निबंध लिखना होगा।
\जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग की पहल ' मेरा कार्य, आदर्श कार्य - विकसित भारत 2047 के निर्माण में मेरी भूमिका ' कार्यक्रम के अंतर्गत ज़िले में कार्यरत शिक्षा विभाग के प्रत्येक अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी के लिए निबंध/आलेख लिखना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आलेख और निबंध 1 नवंबर तक लिख कर या टाईप कर जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्धारित गूगल ड्राइव लिंक पर अपलोड किए जाने हैं। प्रेरणाप्रद पाए जाने वाले लेखों को समय समय पर जिला शिक्षा विभाग की ई पत्रिका निपुण पथ में प्रकाशित भी किया जाएगा।

# दातौली में पेड़ पर लटका मिला किशोर का शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** दातौली गांव में साथियों द्वारा मारपीट से दुखी होकर 16 वर्षीय किशोर ने घर के पास ही पेड़ पर फांसी लगा ली। स्वजन और ग्रामीणों ने जब उसे लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना बड़ी से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल भेज दिया। मृतक के पिता ने कुछ युवकों पर उसके बेटे को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में 174 की कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव दातौली निवासी सुभाष गिरी ने बताया कि गत वीरवार की शाम उसका बेटा उत्तम गिरी यमुना नदी के किनारे गया हुआ था। सुभाष गिरी के अनुसार वहां कुछ युवक बैलों से रेत भर रहे थे। इसी दौरान उत्तम ने मजाक में कह दिया कि तुम्हारे बैल में दम नहीं है, रेत लेकर चढ़ाई नहीं कर पाता। इस बात पर दूसरे लड़के भड़क गए और कहासुनी के बाद उसके बेटे से मारपीट कर दी। पिटाई के बाद वह घर के पास आ गया और मानसिक रूप से आहत होकर पेड़ पर फांसी लगा ली। इस संबंध में एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस ने अभी 174 की कार्रवाई की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**-चार भाइयों में सबसे छोटा था उत्तम**

मृतक के पिता ने बताया कि उनके चार बेटे हैं, जिनमें उत्तम सबसे छोटा था। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली में नौवीं कक्षा में पढ़ता था।

# 'छठ पर्व को लेकर आदर्श पूर्वांचल संगठन की तैयारी जोरों पर'





**टीम एक्शन इंडिया/ सुनील कुमार**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दिल्ली इस बार पूर्वांचल की संस्कृति और परंपरा को स्नेह से सजा रही है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा की हर व्यवस्था के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर व्रती को यमुना के तट पर वही पवित्रता और आत्मीयता का अनुभव हो, जो उनके अपने गांव-घरों में बसती है। दिल्ली छठ महापर्व के रंग में रंगी हुई है। इसी के साथ ही नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन की ओर से भी छठ पर्व की तैयारी जोरो-शोरों से चल रही है। जिसको लेकर आज रामदेव चौक स्थित छठ घाट की जेसीबी मशीन द्वारा सफाई करवाई गई। इस मौके पर आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन के अध्यक्ष अंकू विजय भगत ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है और घाट पर विशेष आयोजन किया जा रहा है, जहाँ छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने की योजना है।
इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष अंकु विजय भगत ने कहा कि इस छठ महापर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई अनहोनी या अप्रिय घटना ना हो जिसको ध्यान में रखते हुए सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि शाम को 4:00 भगवान सूर्य को अर्ध देकर छठ पर्व का शुभारंभ होगा।

## बढ़ते प्रदूषण ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया हैः भास्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आई एवं जे ब्लॉक जहांगीर पुरी के अध्यक्ष एम.एल. भास्कर ने कहा कि दिल्ली सरकार का 'प्रदूषण नियंत्रण अभियान' पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। जिसके कारण राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुँच चुकी है।
एम.एल. भास्कर ने कहा कि दिल्ली की सत्ताधारी भाजपा सरकार सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में उलझी हुई है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई ठोस व प्रभावी कदम जमीन पर नजर नहीं आते। सरकार बड़े-बड़े दावे करती रही, परंतु परिणाम शून्य हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुँचने के बावजूद प्रदूषण रोधी योजनाएँ सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि सांस और फेफड़ों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पतालों में भीड़ रोज नया रिकॉर्ड बना रही है।
उन्होंने आगे बताया कि कृत्रिम बारिश जैसे खोखले दावे करने वाली सरकार अपने मौजूदा संसाधनों का भी सही उपयोग नहीं कर पाई। भास्कर ने कहा कि स्थिति यह है कि दिल्ली का हर नागरिक जहरीली हवा में जीने को मजबूर है।

## समाज कल्याण मंत्री ने छह गांवों में हाई मास्ट लाइटों का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने पंजाब खोर, जटखोर, कुतुबगढ़, बाजितपुर ठाकरान, नांगल ठाकरान और दरियापुर गांवों में विधायक निधि से स्थापित हाई मास्ट लाइटों का स्थानीय निवासियों के साथ लोकार्पण किया।
उन्होंने कहा कि यह पहल न सिर्फ विकास की दिशा में एक कदम है बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने का भी प्रयास है। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।
ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन गांवों में लंबे समय से अंधेरा छाया रहता था, जिससे शाम




के समय आवागमन में कठिनाई होती थी। अब हाई मास्ट लाइटों के लगने से न केवल मुख्य चौक-चौराहे रोशन होंगे, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय मैदानों में अंधेरा दूर होने से रात्रिकालीन प्रैक्टिस में खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और समाज की अंतिम पंक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में लगातार सड़कों, स्ट्रीट लाइटों, पार्कों और सामुदायिक भवनों का विकास कार्य किया जाएगा। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार गांवों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण विकास के बिना विकसित दिल्ली लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। विकसित गाँव ही विकसित दिल्ली की ताकत बनेंगे।
उन्होंने यह भी बताया कि जिन गांवों में हाई मास्ट लाइटें लगाई गई हैं, वहां नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग को दी गई है ताकि यह व्यवस्था लंबे समय तक सुचारू रूप से चले।
इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांवों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में सक्रिय सहयोग दें ताकि गांव न केवल रोशन हों बल्कि स्वच्छ और सुंदर भी बनें।

## भव्य रूप में मनाई जायेगी नरेला में छठ पूजा, तैयारियां जोरों परः विनीत कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** सरकार पूरे दमखम के साथ छठ महापर्व का आयोजन कराने के लिए दिन रात जुटी हुई है। आला अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक लगातार बैठकें कर छठ महापर्व के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के सभी छठ घाटों पर इस बार पूर्वांचल की लोक संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से विशेष प्रबंध किए जा रहे है। जिसमें की कई स्थानों पर विभिन्न कलाकार लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके लिए पूर्वांचल के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इसी कड़ी में नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित रामलीला ग्राउंड, मैं हर साल की भांति इस बार भी छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों शोरों




से चल रही है। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी के द्वारा छठ पर्व का 23वां आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग राज्यों के कलाकारों भोजपुरी कलाकार, पंजाबी कलाकार, हरियाणवी कलाकार, पंजाबी सिंगर इस दौरान अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी के महासचिव विनीत कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी छठ पूजा का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया जाएगा इस दौरान महिलाओं में बच्चों की सुरक्षा के लिए भी इंतजाम पुख्ता किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों के मनोरंजन व हौसला अफजाई के लिए छोटे-छोटे कलाकारों व बच्चों द्वारा प्रस्तुति भी पेश की जाएगी। विनीत ने बताया कि 27 अक्टूबर शाम को 4:00 बजे भगवान सूर्य को अर्ध देकर छठ पूजा का शुभारंभ होगा और संस्कृति कार्यक्रम शाम को 7:00 बजे होगा।

## छठी मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैः रोशन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के जिला महामंत्री रोशन सिंह ने कहा कि छठी मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है। इसलिए सभी को सच्चे मन से छठी मैया की पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है। बस सच्चे मन से आराधना करने की आवश्यकता है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि सभी को गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व असहाय व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने



आगे बताया कि सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। वह एक दिन अवश्य ही सफल होता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।



छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए सांसद प्रवीन खंडेलवाल साथ में है वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, निगम पार्षद योगेश वर्मा व अन्य

## आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में भव्य रूप में मनाई जायेगी छठ पूजाः सुभाष झा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में छठ पूजा की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में छठ पूजा बड़े ही भव्य रूप में मनाई जायेगी। विधायक राजकुमार भाटिया ने खुद छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया है और जो भी कमियां थी उसको पूरा किया जा रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली सरकार भी छठ पूजा को बड़े ही भव्य रूप में मनाने की तैयारी की है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित कई मंत्री और संगठन के लोग छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे है। जिससे की छठ घाटों पर व्यवस्था पहले से बेहतर हो सके। उन्होंने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया का भी धन्यवाद किया है और कहा कि विधायक जी के नेतृत्व में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर छठ पूजा बड़े ही भव्य रूप में मनाई जायेगी।

## डीकेवीआईबी के नए एक्ट और नियम बनाने के लिए लीगल कंसल्टेंट्स की नियुक्ति को मंजूरी दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, दिल्ली सरकार ने आज खादी एवं ग्राम उद्योग को नई दिशा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। लगभग चार साल बाद आज दिल्ली खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड की 54वीं बैठक आयोजित की गई।
जिसकी अध्यक्षता पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। बैठक में डीएसआईआईडीसी के साथ समन्वय में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली के कनॉट प्लेस में



एक भव्य एम्पोरियो स्थापित किया जाएगा, जिसका लक्ष्य दिल्ली के दिल में एक 'वन-स्टॉप' अनुभव उपलब्ध कराना है, जहां भारत के लगभग 650 टैग उत्पादों को क्यूरेटेड ढंग से प्रदर्शित और बेचा जाएगा ताकि देशी-विदेशी उपभोक्ता हमारी हस्तशिल्प धरोहर को एक ही छत के नीचे देख-परखकर खरीद सकें। पिछली सरकार की प्राथमिकताएं कुछ और ही थीं। जिन महात्मा गांधी के स्मारक पर वे हर साल जाकर कहते थे कि उनसे प्रेरणा लेते हैं, उन्हीं के खादी के सपने को पूरी तरह भूल गए। डीकेवीआईबी की चार साल तक एक भी बैठक नहीं हुई थी। आज हमने उस परंपरा को फिर से जीवित किया है, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा।
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीकेवीआईबी के नए एक्ट और नियम तैयार करने के लिए लीगल कंसल्टेंट्स की नियुक्ति की जाएगी। इससे बोर्ड के कामकाज को और मजबूत और व्यवस्थित किया जा सकेगा।
माननीय मंत्री ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने इस वर्ष के बजट में 50 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, जिससे बोर्ड कारीगरों के प्रशिक्षण, स्किलिंग, फंडिंग और उनके उत्पादों के विपणन तक की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।
हमारे छोटे-छोटे कारीगरों के पास कला तो है, लेकिन अपने हाथों से बनाए उत्पादों को बेचने का न साधन है और न प्लेटफॉर्म।
डीकेवीआईबी उनके लिए वह माध्यम बनेगा जो उनकी कला को स्केल, फंडिंग और मार्केट एक्सेस दिलाएगा,श्री सिरसा ने कहा। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को अवगत कराया कि दिल्ली के तीन पारंपरिक उत्पादों को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिससे बहुत जल्द राजधानी के अपने उत्पाद भी देश के विशिष्ट भौगोलिक संकेतक सूची में शामिल होंगे।

## 'छठमय होने को तैयार दिल्ली, सारी तैयारियां अंतिम चरण में'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को द्वारका सेक्टर-23बी स्थित पोचनपुर छठ पूजा समिति के घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली छठमय होने को तैयार है। उनका स्पष्ट कहना है कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संदीप सहरावत, छठ पूजा समिति के सदस्य एवं अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से छठ महापर्व की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। यमुना तट पर 17 मॉडल छठ घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पूरी दिल्ली में 1000 से अधिक छठ स्थलों पर समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे टेंट, बिजली, स्वच्छता, शौचालय, सुरक्षा और पेयजल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि यमुना किनारे बनाए जा रहे मॉडल घाटों पर इस बार की छठ पूजा का दृश्य अभूतपूर्व, भव्य और दिव्य होगा। श्रद्धा और सुविधा के संगम से पूरी दिल्ली छठमय दिखाई देगी।

# विधायक और मेयर ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## बरसाती पानी की निकासी हेतु 4 करोड 25 लाख रुपए की लागत से बिछाई जाएगी स्टॉर्म वाटर लाइन।

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 4 के सेक्टर 15 में हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद बबीता कौशिक, जिला प्रवक्ता भाजपा त्रिभुवन कौशिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 15 चौक हाउसिंग बोर्ड में राजू डेयरी वाली गली और पूरे सेक्टर 15 और हाउसिंग बोर्ड की बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेन नंबर 6 तक स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य



आज शुरू किया गया है। इस कार्य को लगभग 4 करोड 25 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इसके बाद इस क्षेत्र के लोगों को बरसाती पानी के कारण होने वाले जल भराव से निजात मिलेगी।

विधायक ने कहा कि उन्होंने मेयर रहते हुए अपने कार्यकाल में सेक्टर 15 की मुख्य मार्केट वाली सड़क पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य करवाया था लेकिन किन्हीं कारणवश उस लाइन का कनेक्शन ड्रेन नंबर 6 से नहीं हो पाया था, अब इस कार्य में डीएवी स्कूल वाली रोड की स्टॉर्म लाइन का कनेक्शन ड्रेन नंबर 6 में किया जाएगा जिससे बरसाती पानी की निकासी बेहतर तरीके से हो सकेगी। मेयर राजीव जैन ने कहा कि शहर में बरसात के मौसम में

**विकास कार्य**

**निगम पार्षद बबीता कौशिक, जिला प्रवक्ता भाजपा त्रिभुवन कौशिक और गणमान्य की उपस्तिथि रही**

होने वाले जल भराव के सभी स्थानों को चिन्हित किया गया है और वहां जल्द से जल्द पानी की निकासी हो इसके लिए निगम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सेक्टर 15 की विभिन्न सड़कों पर 4 करोड़ 25 लाख रु से स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य शुरू करवाया गया है जिससे क्षेत्र वासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। इस स्टॉर्म वॉटर लाइन को ओसराम चौक और सिविल अस्पताल के आगे से होते हुए ड्रेन नंबर 6 में जोड़ा जाएगा।

इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न सेक्टरों और आवासीय क्षेत्र में स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य भी शुरू किया गया है।

मेयर राजीव जैन ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए। मेयर राजीव जैन ने कहा की वो बरसाती पानी की निकासी और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है और जल्द ही पूरे निगम क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या को हमेशा के लिए दूर किया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद बबीता कौशिक, जिला प्रवक्ता त्रिभुवन कौशिक, सुमित बत्रा, सागर चोपड़ा, पवन तनेजा, राजेश गर्ग,रवि ग्रोवर,अनिल पुष्करणा, तुषीर प्रधान,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# दयालपुर और दयालपुर डेरा बाजीगर में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज थानेसर हल्के के के गांव दयालपुरा और डेरा बाजीगर में 108 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर संचालित मोबाइल मेडिकल युनिट में, 97 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ ही 11 लोगों के रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये गये। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से तीन मोबाइल मैडिकल युनिट चलवाई हुई हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहें हैं। पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हजारों व्यक्ति इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### थाना महेशनगर में दर्ज हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के दिशा-निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस की सभी जाँच एंजैसियाँ सतर्कता व तत्परता से कार्यवाही करती हुई अपराधों पर लगाम कस रही है तथा अपराधियों को दबौच कर जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में मुकदमा नं0 320 दिनांक 19 अक्तूबर 2025 धारा 103 (01)ए 238 बीएनएस के अन्तर्गत थाना महेशनगर में दर्ज हत्या के मामले में 23 अक्तूबर 2025 को प्रबन्धक थाना महेशनगर जितेन्द्र ढिल्लों व उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी जसमेर उर्फ लवली उर्फ कल्लु निवासी गाँव बुढ़ाखेड़ा थाना पंजोखरा जिला अम्बाला वर्तमान नगर मोहन नगर बब्याल थाना महेशनगर जिला अम्बाला व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अभय निवासी गाँव नगला थाना हंडेसरा ने 19 अक्तूबर 2025 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18/19 अक्तूबर 2025 को अज्ञात आरोपी ने गाँव नग्गल से बोह रोड के पास अज्ञात महिला की हत्या करके ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर साबूत मिटाने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### यमुनानगर: मेयर व आयुक्त ने छठ पर्व की तैयारियों का निरीक्षण, तीन घाट होंगे पक्के



**यमुनानगर,धर्मबीर-** छठ पर्व से पहले मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शुक्रवार को पश्चिमी यमुना नहर के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को अधूरी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर और आयुक्त ने तीन प्रमुख घाटों को पक्का करने की योजना की जानकारी ली। विभाग के अनुसार, तीर्थ नगर, बाड़ी माजरा और यमुना गली में अगले छठ पर्व से पहले सौ-सौ फुट लंबे पक्के घाट बनेंगे, जिनमें सीढ़ियां और जंजीरे लगाई जाएंगी। इससे श्रद्धालु उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने में सुविधा पाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने सफाई, घाटों की मरम्मत, सुरक्षा, लाइट व्यवस्था, फोगिंग और कूड़ेदान जैसी तैयारियों का भी जायजा लिया। मेयर ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे घाटों पर सफाई का ध्यान रखें और नहर में किसी प्रकार का कचरा न डालें।

# प्रवेश लंबोरिया बने युवा मोर्चा हांसी के जिला सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी ( दिनकर गावड़ी):** युवा मोर्चा हांसी ने अपने संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रवेश लंबोरिया को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके समर्पण, नेतृत्व कौशल और संगठन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान है। प्रवेश लंबोरिया ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत 2014 में भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करके की।उनकी मेहनत और निष्ठा ने उन्हें 2019 में बरवाला मंडल युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष की



जिम्मेदारी तक पहुंचाया। इसके बाद 2024 में उन्हें बरवाला मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया। पार्टी के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए अब उन्हें हांसी युवा मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, हांसी के विधायक विनोद भयाना, हांसी जिले के प्रभारी दीपक शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और जिला अध्यक्ष सुखविंदर जाखड़ का धन्यवाद किया।

# हिसार : बाढ़ बचाव प्रबंधों के नाम पर जारी कर दिए ढाणियों के लिए फर्जी कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** बाढ़ बचाव प्रबंधों के नाम पर बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा उकलाना क्षेत्र में कुछ ढाणियों को फर्जी ट्यूबवैनल कनेक्शन दिए जाने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम जांच के लिए पहुंची तो विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि लगभग 20 से 25 उपमंडल अभियंता इस जांच में शामिल किए गए हैं।बताया जा रहा है कि बिजली निगम ने बाढ़ व जलभराव प्रबंधों के नाम पर ढ़ाणियों को कनेक्शन जारी कर दिए। इसकी सूचना सरकार तक



पहुंची तो मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम शुक्रवार को जांच के लिए क्षेत्र में पहुंच गई। गत माह हुई भारी वर्षा के बाद क्षेत्र के अनेक गांवों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस दौरान व्यवस्था सुचारु करने के लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए गए थे कि सिंचाई विभाग को अस्थायी ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाएं। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया की आड़ में विभाग के अधिकारियों द्वारा ढाणियों को कुछ फर्जी ट्यूबवेल कनेक्शन जारी कर दिए गए। बताया जा रहा है कि बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा ढ़ाणियों को फर्जी कनेक्शन जारी करने की सूचना सरकार तक पहुंच गई। इसी संबंध में मिली शिकायत के बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किया। सूत्रों का कहना है कि लगभग 20 से 25 उपमंडल अभियंता इस जांच में शामिल किए गए हैं। टोहाना के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार को भी जांच टीम में जोड़ा गया है। यही नहीं, कुछ स्थानों पर बिजली निगम द्वारा जारी सामान भी मौके पर नहीं मिला वहीं ट्यूबवेल भी मौजूद नहीं मिला। विभाग ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि अगर जांच निष्पक्ष रूप से हुई, तो कई अधिकारी इस कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

# नालसा और हालसा की योजनाओं के लिए जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पीएलवी राजपाल ने गांव बीड़ अमीन में आमजन को संगठित और



असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रूप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा( असंगठित मजदूरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं ) योजना 2016, पोष एक्ट, पोक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरुक किया गया और उन्हें पंपलेटस वितरित गए। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है।

# 10 किलो गांजा समेत दो तस्कर किए गिरफ्तार

**पलवल।** जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निर्देशन में क्राइम ब्रांच पलवल ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 50 लाख रुपये मूल्य का 109.856 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।
यह अब तक की बड़ी बरामदगियों में से एक मानी जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने दो तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है।

# अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पाईट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पानीपत में चेतना परिवार और पाईट इंजीनियरिंग कॉलेज पानीपत के एन० एस० एस० शाखा की तरफ से चेतना परिवार की तरफ से चलाये जा रहे व्यावसायिक सेन्टरों की वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। सिलाई केंद्र से सरस्वती ने प्रथम, मीनू ने द्वितीय व फिरदोश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पार्लर केंद्र से गायत्री ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय व रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कंप्यूटर केंद्र से शालू ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय व वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस सामारोह में सभी केन्द्रों की स्वय सेविकाओं को भी सम्मानित किया गया । सिलाई केंद्र की स्वय सेविकाओं से किरण सैनी को प्रथम, सुमन देवी द्वितीय व पुष्पा को तृतीय स्थान प्राप्त किया । पार्लर केंद्र की स्वय सेविकाओं से शिवानी को प्रथम, सुमन देवी को द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कंप्यूटर केंद्र की स्वय सेविकाओं से दीपान्शा

**सम्मान**

**सिलाई केंद्र से सरस्वती ने प्रथम, मीनू ने द्वितीय व फिरदोश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया**

को सम्मानित किया गया।
इस आयोजन की अध्यक्षता पाईट कॉलेज के चेयरमैन हरिओम तायल ने की और इसके मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन इन्नर व्हील पानीपत सीमा चोपड़ा थीं। आयोजन की मुख्य वक्ता बार कॉउंसिल की वाइस प्रेसिडेंट व जुबेनाइल न्याय बोर्ड की सदस्य आशिमा कौशिक रही। आयोजन में चेतना परिवार से प्रबन्धक न्यासी निर्मल दुत्त, रेखा बजाज, दीपचंद निमोर्ही व डॉक्टर ए० पी० जैन मौजूद रहे ।इन्नर व्हील पानीपत की अध्यक्ष , सचिव व कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दिल्ली से गृहलक्ष्मी अपनी टीम के साथ पहुँची।

# बाजार एसो.ने पुलिस अधीक्षक का किया आभार व्यक्त

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
त्योहारी सीजन पर बाजार सहित पूरे क्षेत्र में जिला पुलिस द्वारा की गई उत्कृष्ट सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की बाजारों के प्रधानों ने खुले मन से प्रसंशा करते हुए शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया।
बाजारों की एसोसिएशन के प्रधानों ने कहा कि दीपावली के समय बाजारों में भारी भीड़ होती है। इस वर्ष पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं जैसे अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग प्रबंधन, ट्रैफिक रूट डायवर्जन



और निरंतर गश्त से दुकानदारों एवं ग्राहकों को अत्यंत सुविधा मिली। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के कारण दीपावली की खरीदारी शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हुई। सुरक्षा निगरानी से त्योहार की रौनक और बढ़ी। पुलिस की मुस्तैदी के परिणाम स्वरूप त्योहार पर इस वर्ष बाजारों में एक भी स्नेचिंग, चोरी इत्यादि की घटना नहीं हुई। बाजार एसोसिएशन के प्रधानों ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक महोदय से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इसका पूरा श्रेय जिला वासियों, बाजार प्रधान व जिला के तमाम पुलिसकर्मियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सारी व्यवस्था उन सभी के सहयोग से ही संभव हो पाई है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बाजार प्रधानों व जिलावासियों से भविष्य में भी इसी प्रकार कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश सैनी, डीएसपी नवीन संधू, डीएसपी राजबीर सिंह, दर्शन लाल वधवा प्रधान संयुक्त व्यापार मंडल, गौरव लीखा इंसार बाजार, निशांत सोनी मैन बाजार, संजय वर्मा स्वर्णकार सभा, अमान मुंजाल सलारगंज गेट, प्रीतपाल सिंह असंध रोड, राजीव मालिक डा रंजन मार्केट, सुशील भाराडा देवी मंदिर रोड, सुनील सिंगला गुड़ मंडी बाजार मौजूद रहे।

# राजनैतिक उपेक्षा का शिकार हुआ विधानसभा हलका गुहला, विकास ठप

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव**
**गुहला चीका।** हरियाणा व पंजाब सीमा पर स्थित जिला कैथल का सबसे महत्वपूर्ण हलका गुहला पूरी तरह से राजनैतिक उपेक्षा का शिकार हो गया है नतीजतन हलके में विकास कार्य पूरी तरह से ठप होकर रह गए हैं और लोग रोजमर्रा की समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। मालूम रहे कि इस बार यहां लोगों ने कांग्रेस का विधायक देवेंद्र हंस को चुना था, जिसके चलते लोगों की समस्याएं सरकार तक नहीं पहुंच रही हैं। हालांकि कांग्रेस विधायक ने हलके की समस्याओं को कई बार उठाया है परंतु सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।
**सड़कों की खस्ता हालतः** चीका शहर सहित समूचे हलके के



ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की लम्बे समय से खस्ता हालत बनी हुई है। सड़कों में इतने बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं कि अब उन पर पैच वर्क करना भी आसान नहीं है। सड़कों के टूट जाने से दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें लोग अपनी जान से भी हाथ धो रहे हैं और लगातार चोटिल भी हो रहे हैं। लोग धरने व प्रदर्शन भी कर चुके हैं परंतु सड़कों की हालत जस की तस बनी हुई है।
**बस स्टेंड का काम रुकाः** यहां चीका पटियाला स्टेट हाई वे पर लाखों रुपयों की लागत से बनने वाले 6 लेयर के बस स्टेंड का कार्य भी रुक गया है। करीब दो साल पहले जब इसका शिलान्यास किया गया था, तो इसके जल्द तैयार होने के दावे किए गए थे परंतु बस स्टेंड बनने की बात तो दूर अलबत्ता उस पर काम ही रुक गया है। अब स्थिति यह है कि लोग इस इंतजार में है कि बस स्टेंड का काम शुरू हो और उन्हें आधुनिक सुविधाओं वाला बस स्टेंड मिल सके।
**बाई पास का काम भी लटकाः** गुहला उपमंडल के गांव पीडल से लेकर गांव टटियाना तक बनने वाले बाई पास का काम भी लटक गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक सरकार द्वारा अधिकृत की जाने वाली जमीन का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। हालांकि जमीन अधिकरण का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है परंतु 10 प्रतिशत काम न होने से बाई पास का शिलान्यास तक नहीं हो सका है। शहर में भारी वाहनों की बढ़ती भीड़ के चलते लोग बाई पास बनाने की मांग कर रहे हैं परंतु उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई है।
**चीका कैथल फोर लैन के लिए वन विभाग से नहीं मिली एन.ओ.सी.:** चीका से कैथल तक बनाई जाने वाली फोर लैन अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। हालांकि अन्य विभागों की एन.ओ.सी. तो मिल गई है परंतु अभी तक वन विभाग से एन.ओ.सी. नहीं मिली है, जिसके कारण सड़क के लिए सरकार द्वारा पैसा भेज देने के बावजूद फोरलैन का कार्य भी लटका हुआ है। बताया जा रहा है कि वन विभाग के आला अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क के दोनों तरफ खड़े जितने वृक्ष काटे जाएंगे, उतने वृक्ष पहले लगाए जाएं, उसके बाद ही एन.ओ.सी. दी जाएगी, जिस कारण नए पौधे लगाए नहीं जा रहे और वन विभाग एन.ओ.सी. नहीं दे रहा है और इसी के चलते फोरलैन का काम भी रुक गया है।

# लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों के लिया लगाया गया शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** लाडो लक्ष्मी योजना के तहत आज बीडीपीओं कार्यालय में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योजना की लाभार्थी महिलाओं ने अपने दस्तावेज जमा करवाए। इस मौके पर जानकारी देते हुए एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश अनुसार प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा हेतु लाडो लक्ष्मी योजना से संबंधित शिविर आयोजित किए जा रहे है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना से वंचित न रह सके।



उन्होंने ने बताया कि ह्यदीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजनाह्न के लिए लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से निःशुल्क डिजिटल आवेदन किया जा सकता है, जो एंड्रॉइड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है। योजना का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजा जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 अक्टूबर 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# ग्लैमरस

## करियर: फैशन डिजाइनिंग



**क्या है फैशन डिजाइनिंग फैशन डिजाइनिंग व्यावहारिक कला का एक रूप है जो हमारे कपड़ों, एसेसरीज और जीवनशैली में निखार लाती है। फैशन डिजाइनिंग में कपड़ों से लेकर ज्वैलरी तथा पर्स से लेकर शूज तक सभी चीजें आती हैं।**

डिजाइनर अपने ग्राहक वर्ग की रुचि और जरूरत को समझकर अपने डिजाइन को मौसम और ट्रेंड के मुताबिक मार्केट में उतारता है। आज फैशन जगत में डिजाइनरों की बहुत माँग है। फैशन डिजाइनिंग में क्रिएटीविटी की माँग होती है। फैशन का मतलब केवल नए डिजाइन किए हुए कपड़े नहीं बल्कि उसे पहनने के सलीके से लेकर उसमें लगने वाली एसेसरीज आदि भी फैशन डिजाइनिंग क्षेत्र में आती है।



फैशन डिजाइनिंग वर्तमान समय में सबसे ज्यादा ग्लैमर प्रोफेशनल है इसलिए फैशन डिजाइनिंग में अच्छा करियर के अवसर हैं। एक प्रशिक्षित फैशन डिजाइनर इस इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे डिजाइन वियर प्रोडक्शन, फैशन मार्केटिंग, क्वालिटी कंट्रोल आदि में कार्य कर सकता है। इसके अतिरिक्त कॉस्टयूम डिजाइनर, पर्सनल स्टाइलिस्ट, फैशन को-ऑर्डिनेटर, फैब्रिक बायर के क्षेत्रों में भी कार्य किया जा सकता है। यह कोर्स कर अपना खुद का बिजनेस भी शुरू किया जा सकता है जैसे फैशन शो ऑर्गेनाइजर, गारमेंट स्टोर चेन, बुटीक, ज्वैलरी हाउस आदि।

कम्युनिकेशन अच्छा होना चाहिए

गत दस वर्षों में इस क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। मुंबई में सालाना फैशन वीक होने लगे हैं और इसमें नामी-गिरामी फैशन डिजाइनरों के अलावा नवोदित फैशन डिजाइनरों को भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका दिया जाता है। इस क्षेत्र में आपको कलात्मक होना जरूरी है। साथ ही आपको लगातार नवीन डिजाइन देने के लिए काफी मेहनत व रिसर्च भी करना पड़ता है। अगर आप कोई कंसेप्ट पर कार्य कर रहे हैं तब इस बात का ध्यान रखना पड़ता है कि उसमें प्रयुक्त डिजाइन पहले किसी और डिजाइनर ने तो नहीं बनाया आदि बातों पर भी गौर करना पड़ता है।



# ऑनलाइन एम. बी. ए.

इंटरनैट के आगमन से तथा टैक्नोलॉजी में अभूतपूर्व प्रगति के चलते स्कूलों तथा कालेजों में ऑनलाइन एजुकेशन का महत्व समझा जाने लगा है। जो वर्किंग प्रोफैशनल्स एक फुल टाइम अटैंडैंस आधारित एम.बी.ए. नहीं कर सकते उनके लिए विभिन्न स्कूल ऑनलाइन एम.बी.ए. कोर्स उपलब्ध करवा रहे हैं। ई.एम.बी.ए. या ऑनलाइन एम.बी.ए. पढ़ाई के साथ-साथ काम कर रहे छात्रों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। ऑनलाइन एम.बी.ए. करते हुए एक रैगुलर एम.बी.ए.प्रोग्राम द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली फाइनैंस, मार्कीटिंग, इंटरनैशनल बिजनैस तथा कई अन्य विशेषज्ञताओं पर आप ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं।

■ **ऑनलाइन एम.बी.ए. के लाभ**

ऑनलाइन एम.बी.ए. का सर्वाधिक आम लाभ है आपकी इच्छा अनुसार पढ़ने की लचकता। इसमें आप समय से बंधे नहीं रहते और अपनी वर्किंग लाइफ में ऑनलाइन शैड्यूल्स तय कर सकते हैं। एक व्यस्त मां तब ऑनलाइन स्टडी कर सकती है जब उसके बच्चे सो रहे हों या कोई एग्जीक्यूटिव देर रात तक पढ़ सकता है। सब कुछ आप पर निर्भर करता है।

एम.बी.ए. करने की इच्छुक श्रीना मेहता कहती हैं, ''मैं ऑनलाइन एम.बी.ए. करना चाहूंगी क्योंकि ये प्रोग्राम मुझे अपनी गति से अपनी वर्तमान जॉब करते हुए कोर्स करने का आवसर देता है। मुझे अपनी जॉब के वातावरण में एक साथ




अधिक सीखने और काम करने का मौका मिलता है। साथ ही मुझे अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने का भी अवसर मिलता है। इससे मेरे अनुभव में बढ़ौतरी होती है।''ऑनलाइन एम.बी.ए. प्रोग्राम्स के खर्चे किसी यूनिवर्सिटी में एक फुल टाइम प्रोग्राम के मुकाबले काफी कम होते हैं। उदाहरण के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के इम्पीरियल कालेज में ऑनलाइन एम.बी.ए. का खर्चा 34 हजार पौंड पड़ता है जिसमें रहने-खाने का लगभग 10 हजार पौंड का खर्चा शामिल नहीं है। जबकि ऑनलाइन एम.बी.ए. का खर्चा मात्र 24 हजार पौंड के लगभग पड़ता है। फिनिक्स यूनिवर्सिटी के ऑललाइन प्रोग्राम का खर्चा लगभग 35 हजार डालर है जबकि अमेरिका में रैगुलर एम.बी.ए. प्रोग्राम का खर्चा 45 हजार डालर से लेकर 1 लाख 10 हजार डालर तक है। ऑनलाइन एम.बी.ए. का सबसे बड़ा लाभ यह है कि जब भी आपके पास टाइम हो आप अपने फोरम्स तथा परीक्षाएं अटैंड कर सकते हैं। इसके साथ ही अपनी क्लासिज का रिव्यू करना भी काफी फायदेमंद है। आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी व्यक्तिगत निपुणताओं तथा ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की होती है और नैटवर्क पुरी तरह वर्चुअल है। इंटरनैट आपको विभिन्न संस्कृतियों तथा सामाजिक निपुणताओं से अवगत करवाता है। इंटरनैट पर लिखे गए शब्द अधिक स्पष्ट होते हैं। छात्रों में ऑनलाइन एम.बी.ए. के प्रति जो सबसे बड़ी चिंता व्याप्त रहती है, वह यह डर है कि इनमें छात्रों के बीच अंतक्रिया नहीं होती और इस तरह सीखने की प्रक्रिया अधूरी रहती है। यह कई ऑनलाइन प्रोग्राम्स के साथ सच हो सकता है परन्तु अधिकतर एम.बी.ए. ऑनलाइन प्रोग्राम्स आपको ऑनलाइन क्लासिज अटैंड करने का अवसर प्रदान करते हैं। दूसरी चिंता जो छात्रों में व्याप्त रहती है वह है प्राप्त होने वाली डिग्री की वैधता इसलिए यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि आप अपनी एनरोलमैंट से पहले प्रोग्राम की वैधता को अच्छी रतह चैक कर लें।

## सीमित दोस्ती व अच्छा व्यवहार दे

# ऑफिस में पहचान



हर व्यक्ति की दो पर्सनालिटी होती है. एक वह जिसे प्रोफेशनल लाइफ में जीता है और दूसरी वह जिसे अपनों के साथ जीता है. सभी अपनी पूरी कोशिश करते हैं कि वे ऑफिस में खुद को सबसे अच्छा साबित कर पायें. पर यह आसान काम नहीं होता है. अपने काम, व्यवहार के अलावा भी कई बातें मायने रखती हैं. आपको काम में आनंद लेने के तरीके आने चाहिए. काम करने का ऐसा ढंग अपनाना होगा, जिससे आपके काम में क्वालिटी के साथ रचनात्मकता दिखे. समय के पाबंद रहें, क्योंकि आज का दौर प्रतियोगिता का है. वह दौर गया जब आप किसी छोटे-से-छोटे काम में घंटों लगाते थे और खुद को काफी मेहनती बताते थे. अब कितनी जल्दी आप कितना बेहतर काम करते हैं, वह मायने रखता है. खुद को सबसे अच्छा साबित करने के लिए कुछ विशेष बातों पर ध्यान देना जरूरी है.

### खुद को प्रस्तुत करने की कला जरूरी

अच्छा काम कीजिए और लोगों को जानने दीजिए कि आप अच्छा काम करते हैं. सिर्फ अच्छा काम करने से ही काम नहीं चलता, बल्कि आपके बॉस को, कंपनी की मैनेजमेंट टीम को पता होना चाहिए कि आप अच्छा काम कर रहे हैं. किसी भी कंपनी में कुछ ही लोग अच्छा काम करनेवाले होते हैं. ऐसे में आपको अपनी जगह बनाने में वक्त नहीं लगेगा. यदि आप अपने काम में आनंद लेते हैं, उसके लिए आपके मन में रचनात्मकता है, तो यह खुद-ब-खुद भी दिखता है.

### बेहतर व्यवहार के साथ पेश आएं

नौकरी में सफलता आपके ज्ञान और स्मार्टनेस पर तो निर्भर करती ही है, साथ ही आपके एटिट्यूड, कोऑपरेशन और विलिंगनेस पर ज्यादा निर्भर करती है. आपको यह जाहिर करना होगा कि आप हर जगह सबके साथ ठीक से सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं. टीम के तौर पर काम करना आज के समय के लिए बेहद जरूरी है. किसी भी परिस्थिति में रात हो या दिन, काम के लिए तैयार रहें. कंपनियां ऐसे व्यक्ति की ही तलाश में रहती हैं, जो हर स्तर के लोगों के साथ काम करने में सहज महसूस करते हों. ऐसे व्यक्ति होने चाहिए, जिन्हें अपने ज्ञान, जानकारी, गुण, मूल्यों को दूसरों से बांटने में जरा भी दिक्कत न हो.

### प्रोफेशनल जिंदगी में दोस्ती जरूरी

अपने वर्कप्लेस में प्रोफेशनल दोस्ती बहुत जरूरी है. कठिन समय में यही आपके काम आती है. अपने शैक्षणिक, सामाजिक और प्रोफेशनल जिंदगी में संपर्क बनाते रहना चाहिए. यही भविष्य में बुरा समय आने पर आपकी मदद करते हैं. इसलिए प्रोफेशनल दोस्ती बेहद जरूरी है, यही आपको आपके कैरियर में ऊपर तक पहुंचा सकती है. लोग आपके बारे में वही सोचते हैं, जिस तरह आप दिखते हैं. इसलिए स्मार्ट दिखने की कोशिश कीजिए. अपने आसपास के लोगों से बातें कीजिए. संभव है कि आप अपनी वर्तमान नौकरी के अलावा किसी दूसरी कंपनी में बेहतर भविष्य देखें.

### टेक्नोसेवी बनें

आज जब सभी कंप्यूटर के पीछे पड़े हैं, तो आपको उन सबसे आगे निकलना होगा. हाइ टेक्नोलॉजी से खुद का परिचय करवाइए, क्योंकि इससे न केवल आपको लाभ होगा बल्कि आपकी कंपनी भी लाभ में रहेगी. संभव हो तो ऐसे किसी कोर्स में दाखिला लीजिए. उसे अपने बायोडाटा में संलग्न कीजिए, कंपनी को भी बताइए कि आपने इस कोर्स में दाखिला लिया है. प्रतिदिन टेक वर्ल्ड में अपनी सीमाओं को बढ़ाते जाइए. नयी तकनीक का इस्तेमाल कंपनी के फायदे के लिए कैसे किया जा सकता है. इसके बारे में भी सोचें.

**अपनी प्रोफेशनल छवि को बेहतर बनाने के लिए कुछ खास करना पड़ता है. अन्य सहयोगियों से बेहतर करने के लिए खुद को नयी चीजों और जानकारियों से अपडेट रखिए. अपनी प्रोफेशनल छवि को निखारने के लिए रखें इन बिंदुओं का ख्याल..**